संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 247 बुधवार 09 जुलाई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## महत्वपूर्ण खबर

### इंदौर से रायपुर आ रही फ्लाइट की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग




**इंदौर,08 जुलाई 2025(ए)।** इंदौर से रायपुर आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को देवी अहिल्या एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में अचानक झटका महसूस होने के बाद पायलट ने तुरंत सतर्कता दिखाई और इंदौर एटीसी को आपात स्थिति की जानकारी दी। सुबह 6:30 बजे उड़ी यह फ्लाइट करीब 45 मिनट बाद 7:15 बजे सुरक्षित उतारी गई। बता जा रहा है कि, टेकऑफ के कुछ ही देर बाद विमान में तकनीकी खामी के कारण झटका महसूस हुआ।

### छांगुर बाबा की कोठी पर गरजा 'बाबा' का बुलडोजर



**बलरामपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** धर्म परिवर्तन, धोखाधड़ी, जबरन वसूली और 100 करोड़ के काले कारोबार करने के आरोप में जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद योगी सरकार ने छांगुर बाबा की कोठी पर बुलडोजर चलवा दिया है। इतना ही नहीं बुलडोजर कार्रवाई पर सीएम योगी ने पोस्ट कर प्रतिक्रिया दी है। सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जलालउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी। उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भारत में आज से बदल जाएगा गूगल सर्च का अंदाज




**» आ गया नया एआई सर्च...**

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2025(ए)।**गूगल सर्च में एआई मोड आ चुका है। गूगल इसकी टेस्टिंग काफी पहले से कर रहा था। कंपनी ने आज तक को बताया है कि आज से गूगल सर्च में एआई सभी के लिए लॉन्च किया जा रहा है। एआईआ जाने के बाद सर्च और भी आसान हो जाएगा और यहां एआइ का भरपूर यूज मिलेगा। इतना ही नहीं आप गूगल सर्च एआइ मोड में फॉलोअप सवाल भी पूछ सकते हैं।

# क्या बिहार वोटर लिस्ट जांच पूरे देश में होगा लागू

## अब सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दायर




**नई दिल्ली,08 जुलाई 2025 (ए)।** बिहार में वोटर लिस्ट की जांच के खिलाफ जहां मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच चुका है,वहीं अब इसके पक्ष में भी एक नई याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। सीनियर वकील अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए इसे पूरे देश में लागू करने की मांग की है। बता दें कि इससे पहले, चुनाव आयोग के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ कई याचिकाएं लगाई गईं। लेकिन यह पहली बार है जब कोई इस जांच के समर्थन में याचिका लेकर आया है।

अश्विनी उपाध्याय ने 8 जुलाई, 2025 को जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच से अपनी याचिका पर सुनवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि बिहार मामले की सुनवाई के दौरान उनकी याचिका भी सुनी जाए। जस्टिस धुलिया ने उनसे पहले याचिका की तकनीकी कमियों को दूर करने के लिए कहा।

### असली नागरिक वोट डालें,विदेशी नहीं

एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपनी याचिका में कहा है कि केंद्र, राज्य और ईसी (चुनाव आयोग) का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि सिर्फ असली नागरिक ही वोट डालें,विदेशी नहीं। उपाध्याय ने कोर्ट में कहा कि आजादी के बाद 200 जिलों और 1500 तहसीलों की जनसंख्या में भारी बदलाव आया है। यह बदलाव अवैध घुसपैठ, धोखे से धर्म परिवर्तन और जनसंख्या विस्फोट के कारण हुआ है। इसका मतलब है, बहुत से लोग गैरकानूनी तरीके से देश में आ गए हैं, कुछ लोगों का जबरदस्ती धर्म बदलवाया गया है और जनसंख्या भी तेजी से बढ़ी है। याचिकाकर्ता ने जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने अपनी अर्जी रखी। उन्होंने कहा कि उनकी अर्जी को 10 जुलाई को उन याचिकाओं के साथ सुना जाए,जिनमें चुनाव प्रक्रिया की वैधता को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि अगर कमियां दूर कर दी जाती हैं, तो रजिस्ट्री इस पर विचार करेगी। रजिस्ट्री कोर्ट का एक विभाग होता है जो कागजी कार्रवाई देखता है।

### उपाध्याय की याचिका में अनुच्छेद 324(1) का जिक्र

उनकी याचिका में कहा गया है कि अनुच्छेद 324(1) चुनाव आयोग को चुनावों पर अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण का अधिकार देता है। एक संपूर्ण संशोधन इस संवैधानिक कर्तव्य की रक्षा करता है और चुनावी पारदर्शिता को बनाए रखता है। अनुच्छेद 326 वोट देने के अधिकार की गारंटी देता है।

### विपक्ष उठा रहा सवाल

विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि वोटर लिस्ट से लाखों लोगों के नाम हटाने की साजिश चल रही है. उनका कहना है कि कई लोग अपनी नागरिकता साबित नहीं कर पाएंगे. सवाल यह है कि 2002 से पहले 13 मुख्य चुनाव आयुक्त बने, लेकिन उन्होंने वोटर लिस्ट के लिए एसआईआर क्यों नहीं किया? ज्ञानेश कुमार के पदभार संभालने के बाद ही यह क्यों हो रहा है?

# एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर प्रारंभिक रिपोर्ट आई सामने

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2025 (ए)।** विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने एयर इंडिया 171 हादसे पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट नागर विमानन मंत्रालय और अन्य संबंधित अधिकारियों को सौंप दी है।एनडीटीवी की रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष सरकारी अधिकारियों के बताया है कि प्रारंभिक आकलन और शुरुआती निष्कर्षों पर आधारित यह रिपोर्ट इस सप्ताह के अंत में सार्वजनिक होने की उम्मीद है। लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171, 12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुखद दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और जमीन पर मौजूद 19 लोग मारे गए थे। एआई171 के सीवीआर और एफडीआर दोनों बरामद कर लिए गए। इनमें से पहला 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से और दूसरा 16 जून, 2025 को मलबे से मिला था।



एयर इंडिया की फ्लाइट की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने तुरंत जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुसार 13 जून 2025 को एक बहु-विषयक टीम का गठन किया गया था। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार, गठित इस टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक करते हैं और इसमें एक विमानन देखभाल विशेषज्ञ,एक एटीसी अधिकारी और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) के प्रतिनिधि शामिल हैं।

# राफेल पर पाकिस्तान का सफेद झूठ



**» निर्माता कंपनी ने खोल दिया बड़ा राज...**

**» बताया ऑपरेशन सिंदूर में क्रैश का असली कारण...**

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2025(ए)।** राफेल लड़ाकू विमान को मार गिराने के पाकिस्तान के दावों की हवा निकल गई है। विमान बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी दसॉ एविएशन और भारत के रक्षा सचिव, दोनों ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। दोनों बयानों से यह साफ हो गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का कोई भी राफेल विमान पाकिस्तानी कार्रवाई में तबाह नहीं हुआ था।फ्रांस की एक वेबसाइट 'एवियन डी चैसे' को दिए बयान में राफेल निर्माता कंपनी दसॉ एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने स्पष्ट किया कि एक राफेल जेट तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, उसे मार नहीं गिराया गया था। उन्होंने कहा, एक राफेल जेट में अधिक ऊंचाई पर तकनीकी खामी आ गई थी, जिसके चलते वह क्रैश हुआ। संघर्ष के दौरान कोई भी जेट नहीं गिराया गया।

वहीं, भारत के रक्षा सचिव आरके सिंह ने भी एक टीवी इंटरव्यू में पाकिस्तानी दावों को झूठा करार दिया। उन्होंने बातचीत में कहा, यह कहना गलत है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के राफेल विमान गिराए गए। मैं आपको भरोसा दिला सकता हूं कि यह सच नहीं है। इसके विपरीत,पाकिस्तान को जान-माल का कई गुना ज्यादा नुकसान हुआ है। रक्षा सचिव ने पुष्टि की कि भारतीय कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए।



# हत्या के लिए हथियार देने वाला विकास मुठभेड़ में ढेर

**पटना,08 जुलाई 2025(ए)।** बिहार के कारोबारी गोपाल खेमका हत्याकांड का दूसरा आरोपी विकास उर्फ राजा पुलिस मुठभेड़ में मारा गया है। इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर उमेश को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को मालसलामी थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में विकास को मार गिराया है। यह मुठभेड़ सुबह करीब 4:00 बजे एक ईंट भट्ठे के चैंबर के पास हुई। बताया जा रहा है कि विकास भी उमेश के साथ घटनास्थल से कुछ दूरी पर मौजूद था।

# भारत बंद का ऐलान

**» 25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल पर**

**» बैंक-डाकघर में काम रहेगा बंद...**




**नई दिल्ली,08 जुलाई 2025 (ए)।** ट्रेड यूनियनों ने भारत बंद का आह्वान किया है। बुधवार को देश भर में 25 करोड़ से ज्यादा श्रमिकों के देशव्यापी हड़ताल या भारत बंद में भाग लेने की उम्मीद है। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के गठबंधन द्वारा बुलाई गई हड़ताल का उद्देश्य केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी,किसान विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों का विरोध करना है। हड़ताल से बैंकिंग, बीमा, डाक सेवाओं, कोयला खनन, परिवहन और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों सहित प्रमुख क्षेत्रों के बाधित होने की संभावना है। हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा, बैंकिंग,डाक,कोयला खनन,कारखाने और राज्य परिवहन सेवाएं प्रभावित होंगी। देशभर में 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद में भाग ले रहे हैं, जो मजदूर विरोधी और किसान विरोधी मानी जाने वाली सरकारी नीतियों का विरोध कर रहे हैं। हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि हड़ताल के चलते बैंकिंग,पोस्टल सर्विस, कोयला खनन,फैक्ट्रियां और स्टेट ट्रांसपोर्ट सर्विस पर असर पड़ेगा।



# केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधन

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2025(ए)।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का आज (मंगलवार 8 जुलाई) जोधपुर एम्स में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे दाऊलाल वैष्णव ने सुबह 11:52 बजे अंतिम सांस ली।

# कारोबारी को लूटने वाले डकैतों के साथ हो गई धोखाधड़ी,आरोपी हुआ गिरफ्तार

**जयपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** जयपुर में कारोबारी से 75 लाख के कीमती आभूषण और सोना लूटने वाले डकैतों के साथ ही धोखाधड़ी हो गई। लूट के बाद जब इन डकैतों ने लूटे गए जेवरात बेचे,तो सामने वाला खरीदार उनसे ज्यादा चालाक निकला। उसने असली हीरे-पन्ने और रत्नजड़ित सोने के जेवर को नकली बताकर सिर्फ 1 लाख रुपये में खरीद लिया। हैरानी की बात ये है कि छहों डकैत इसी एक लाख में बंटवारा कर खुश हो गए लेकिन जब असली कीमत का पता चला, तो उनके होश उड़ गए। जब पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया, तो उन्होंने खुद ही अपने ठग खरीदार की साजिश का खुलासा कर डाला। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य ठग अजय कुमार नट को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है।





# बागेश्वर धाम में दीवार गिरने से एक महिला की मौत,कई घायल

**छतरपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित प्रसिद्ध बागेश्वर धाम में मंगलवार तड़के एक धर्मशाला की दीवार ढहने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के अदलाहट गांव की 40 वर्षीय अनीता देवी की मलबे में दबने से मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया।

# पूर्णिया में पांच लोगों को जिंदा जलाया गया

## अपराधियों का बोलबाला,पुलिस की लापरवाही ने फिर खोली पोल...

**पूर्णिया,08 जुलाई 2025(ए)।** बिहार में अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। राजधानी पटना से लेकर जिलों तक, हत्या,लूट और फायरिंग आम हो चुके हैं। वीवीआईपी इलाकों में जब गोलियों की आवाजें गूंजती हैं और अपराधी खुलेआम वारदात कर निकल जाते हैं, तो सवाल उठता है कि आम नागरिक आखिर कितने सुरक्षित हैं। पूर्णिया जिले के टेटगामा गांव में रविवार रात जो हुआ, उसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। एक ही परिवार के 5 लोगों को पेड़ से बांधकर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया। इसमें तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे। यह घटना करीब 300 ग्रामीणों की मौजूदगी में हुई,लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना रात 9 बजे से 1 बजे तक चलती रही, लेकिन स्थानीय पुलिस को कोई सूचना नहीं मिली। जब सुबह पुलिस पहुंची तो न सिर्फ आरोपी फरार थे, बल्कि शवों को खोजने में भी 12 घंटे का समय लग गया। यह स्थिति पुलिस की विफलता का बड़ा उदाहरण बन गई है।



## संपादकीय

### हिन्दी को जबरन घसीटना

महाराष्ट्र के विद्यालयों में पहली कक्षा से हिन्दी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के दरम्यान मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया।भाषा नीति के कार्यान्वयन व आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् की अध्यक्षता में समिति का गठन करने की घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने की। राज्य सरकार ने अप्रैल मध्य में आदेश जारी किया था कि अंग्रेजी व मराठी माध्यम स्कूलों के छात्रों के लिए पहली से पांचवीं कक्षा तक हिन्दी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया था,परंतु जबरदस्त विरोध के चलते महीने भर बाद ही संशोधित सरकारी आदेश द्वारा हिन्दी को वैकल्पिक विषय बता दिया गया।आदेश को रद्द करते हुए मुख्यमंत्री ने दलीलें दीं, कि मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे द्वारा कक्षा एक से बारह तक तीन भाषा नीति लागू करने की सिफारिशें स्वीकारी थीं व कार्यान्वयन पर सामिति गठित की थीं। भाषा विवाद देश में नया नहीं है। दक्षिण के कई राज्य हिन्दी का सिर्फ विरोध ही नहीं करते रहे हैं बल्कि इसे थोपे जाने के आरोप भी मढ़ते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में त्रि-भाषा लागू करने की बात की गई है। जिसमें कम-से-कम दो भाषाएं भारत की मूल होनी अनिवार्य है।तीसरी भाषा का चयन छात्र/राज्य व क्षेत्र के अनुरूप करने की बात की गई। मगर स्थानीय राजनीतिक दलों ने इसे मुद्दा बनाया और वे पूर्वाग्रह से हिन्दी थोपने का विरोध करने में जुट गए। बेशक राज्यों में सरकारी नौकरियों के लिए उम्मीदवारों से स्थानीय भाषा के ज्ञान की अनिवार्यता अभी भी है। महाराष्ट्र में बहुसंख्य लोग मराठी बोलते हैं। यह देश में प्रयोग की जाते वाली भाषाओं में तीसरा स्थान रखती है,जिसे पश्चिम भारत के अन्य राज्यों में भी खूब प्रयोग किया जाता है।बावजूद इसके भाषा विवाद में जबरन हिन्दी को घसीटना सिर्फ राजनीतिक कीचड़ उछालने का दस्तूर बन गया है, जिस पर सरकार को कड़ा निर्णय लेना चाहिए। किसी भी राष्ट्रीय नीति को लेकर राज्यों को सहिष्णुता बरतनी चाहिए। केंद्र को इस पर दखलंदाजी करने पर संकोच नहीं करना चाहिए। जब तीसरी भाषा का चुनाव छात्रों के इख्तियार में है, वे स्वेच्छापूर्वक न चाहें तो उन्हें मजबूर नहीं किया जा सकता। सरकार का इस तरह का ढुलमुल रवैया उचित नहीं। अंग्रेजी पर बढ़ती निर्भरता और जरूरत को सहजतापूर्वक स्वीकारने वालों को एकता व अखंडता का सम्मान करते हुए जनता को यह इख्तियार देना होगा। भाषाओं की अपनी गरिमा व सम्मान है,उसके प्रति द्वेष कतई उचित नहीं है।

## पाक की अध्यक्षता का मतलब

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पाकिस्तान को अध्यक्षता मिलना जहां कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, क्योंकि यह अस्थाई होती है और इसकी मीयाद सिर्फ एक महीने ही होती है, भारत में कई लोगों को इससे निराशा हुई है। वैसे तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मोटे तौर पर प्रतीकात्मक ही होती है और इसका कोई खास असर नहीं होता है। पाकिस्तान के यूएनएसी के अध्यक्ष बनने से भारत को तकनीकी रूप से किसी तरह की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अध्यक्ष देश कोई फैसला अकेले नहीं ले सकता।मगर हां, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से वो कई गड़बड़ियां कर सकता है। जिसका उदाहरण सामने आ भी चुका है क्योंकि यूएनएससी में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने कश्मीर मामले पर चर्चा भी शुरू कर दी, जबकि सबको पता है कि ये भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है। पाकिस्तान के पास एजेंडा कंट्रोल करने की पावर है। वो तय कर सकता है कि किस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा हो और किस पर नहीं। ऐसे में भारत को उसकी एक माह की अध्यक्षता पर नजर रखनी होगी। वैश्विक राजनीति में जहां कूटनीतिक स्तर पर भारत अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है, वहीं इस मोर्चे पर पाकिस्तान की अहमियत बढ़ती नजर आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारतीय प्रतिनिधियों के कूटनीतिक विश्व भ्रमण के दौरान तमाम देशों को यह समझाने के बावजूद कि पाकिस्तान आतंक का केंद्र और आतंकवादियों की शरणस्थली बना हुआ है, पाकिस्तान के चीन, रूस और अमेरिका के साथ रिश्तों में हाल के महीनों के दौरान नाटकीय गर्मजोशी देखने को मिल रही है। अगर वोटिंग की बॉत करे तो वोटिंग में भी भारत के प्रति अन्य देशों का रूझान ठीक नही रहा।बहरहाल ये भी हो सकता है कि अध्यक्ष बनने के बाद पाकिस्तान चाहे तो खुद को पीड़ित बता सकता है। इसके साथ ही वह सिंधु जल संधि पर भी अपना दुखड़ा रो सकता है कि भारत ने पानी बंद कर दिया है और जैसा कि ये दुनिया का बड़ा मंच है और उसे मौका मिला है तो वो अपना दुखड़ा पूरी दुनिया को पूरी ताकत से सुना सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि वो ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी उल्टे सीधे बयान दे लेकिन इससे भारत को कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। आतंकियों का पनाहगार और दुनिया के हर मंच पर कश्मीर का राग अलापने वाला पाकिस्तान एक जुलाई से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है और एक महीने तक अध्यक्ष के तौर पर काम करेगा। पाकिस्तान इसी साल जनवरी में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य चुना गया था, जिसे वोटिंग के दौरान 193 में से 182 वोट मिले थे। अब नए नवेले सदस्य बने पाकिस्तान को एक जुलाई से 31 जुलाई तक अध्यक्ष पद की भूमिका निभानी है और अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के बाद उसके पास कई पॉवर्स होंगे। जैसे पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की सभी औपचारिक और अनौपचारिक बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

-प्रेम शर्मा-

# दुर्लभ खनिजों पर दुनिया को एकजुट करने की पहल,मोदी ने दी चीन को कूटनीतिक चुनौती

रियो डी जेनेरो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और उसे भू-राजनीतिक दबाव से मुक्त रखने की ज़रूरत को जोरदार ढंग से उठाया। उनका यह भाषण ऐसे समय में आया है जब चीन विश्व की 90त्न से अधिक दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण क्षमता पर नियंत्रण रखता है और हाल ही में इन संसाधनों के निर्यात पर प्रतिबंध जैसी कार्रवाइयों से उसने वैश्विक चिंताओं को जन्म दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी प्रधानमंत्री की उपस्थिति में यह चेतावनी दी कि रणनीतिक संसाधनों का हथियारकरण वैश्विक असंतुलन को जन्म देगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि कोई भी देश इन संसाधनों का अपने निजी स्वार्थ या दूसरों के खिलाफ हथियार के रूप में उपयोग न करे। हालांकि उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया, परंतु संदर्भ और समय को देखते हुए यह टिप्पणी चीन के संदर्भ में एक अप्रत्यक्ष आलोचना के रूप में देखी जा रही है।

### प्रधानमंत्री के भाषण के मायने

हम आपको बता दें कि चीन की दुर्लभ खनिजों पर पकड़ स्वच्छ ऊर्जा,इलेक्ट्रिक वाहनों,सेमी कंडक्टर और एआई जैसे भविष्य के उद्योगों को नियंत्रित करने का माध्यम बनती जा रही है। हाल में चीन द्वारा इन खनिजों के निर्यात पर लगाई गई पाबंदियों ने अमेरिका, यूरोप और भारत जैसे देशों को आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा को लेकर सचेत और चिंतित किया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स मंच से अपने भाषण में यह स्पष्ट किया कि वैश्विक ऊर्जा संक्रमण और तकनीकी नवाचार के लिए क्रिटिकल मिनरल्स जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और दुर्लभ मृदा तत्व अनिवार्य हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला कुछ देशों के एकाधिकार में है, जो वैश्विक असंतुलन का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय मंचों से सामूहिक रूप से इस चुनौती से निपटने का आह्वान करते हुए कहा, हमें मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स और तकनीक की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना होगा। देखा जाये तो यह संदेश केवल चीन की नीति के विरोध में नहीं था, बल्कि ब्रिक्स के भीतर सहयोग और विविधीकरण के नए अवसरों को तलाशने की दिशा में एक सक्रिय पहल भी थी। इसलिए मोदी ने एक ब्रिक्स क्रिटिकल मिनरल्स साझेदारी की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिसके तहत सदस्य देश इन संसाधनों की खोज, निष्कर्षण और प्रसंस्करण में सहयोग कर सकें। साथ ही आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध और लचीला बनाया जा सके तथा ग्लोबल साउथ के देशों को तकनीकी और वित्तीय सहायता दी जा सके। भारत की यह पहल वैश्विक जलवायु लक्ष्य प्राप्ति के साथ-साथ घरेलू मैन्युफैक्चरिंग, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन और सेमीकंडक्टर उद्योगों को बल देने की रणनीति का हिस्सा है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने केवल खनिजों तक सीमित न रहकर वैश्विक शासन प्रणाली में भी व्यापक बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकताओं को दर्शाएं और विकासशील देशों को सशक्त आवाज़ दें। हम आपको बता दें कि




संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएमएफ विश्व बैंक और डब्ल्यूटीओ जैसे संस्थानों में सुधार की मांग भारत द्वारा लंबे समय से की जा रही है और यह भाषण उस नीति की निरंतरता है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत चीन की आपूर्ति पर निर्भरता को कम करने के लिए पहले से ही कई उपायों पर काम कर रहा है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और अफ्रीका के देशों के साथ क्रिटिकल मिनरल्स पर साझेदारी की जा रही है। खनिज सुरक्षा साझेदारी जैसे अंतरराष्ट्रीय फ्रेमवर्क में भागीदारी की गयी है। साथ ही घरेलू स्तर पर दुर्लभ खनिजों की खोज और उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। देखा जाये तो यह केवल आर्थिक सुरक्षा नहीं, बल्कि रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी निर्णायक कदम है।

हम आपको यह भी बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका में संपन्न क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत करने पर भी सहमति बनी है। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है,जो चीन द्वारा इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है।

### ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास आयेगी

प्रधानमंत्री मोदी का ब्रिक्स मंच से दिया गया संदेश इस बात का प्रमाण है कि भारत अब भविष्य की सामरिक अर्थव्यवस्था के केंद्र में रहना चाहता है, वह केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि संचालक और नीति-निर्माता के रूप में उभर रहा है। चीन के खनिज प्रभुत्व के विरुद्ध सामूहिक वैश्विक सोच को आकार देने के लिए प्रधानमंत्री का यह भाषण एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। हम आपको यह भी बता दें कि भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। प्रधानमंत्री ने इस संदर्भ में कहा है कि अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में मानवता सर्वप्रथम दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा, जिस प्रकार हमने अपनी अध्यक्षता के दौरान जी-20 को व्यापकता दी, एजेंडे में 'ग्लोबल साउथ' के मुद्दों को प्राथमिकता दी,उसी प्रकार ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान हम इस मंच को जन-केंद्रित और मानवता सर्वप्रथम की भावना के साथ आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा, भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत, हम ब्रिक्स को एक नये रूप में परिभाषित करने के लिए काम करेंगे। ब्रिक्स का अर्थ होगा-सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलेपन तथा नवाचार का निर्माण करना।

### मोदी और चीनी प्रधानमंत्री की मुलाकात


इसके अलावा, ब्रिक्स बैठक के इतर प्रधानमंत्री मोदी और चीनी प्रधानमंत्री ली क्यांग के बीच अनौपचारिक मुलाक़ात हुई। सूत्रों के अनुसार, यह बातचीत सीमित समय की थी परन्तु रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट कहना है कि भारत-चीन संबंधों का सामान्यीकरण एलएसी पर शांति और यथास्थिति की बहाली पर निर्भर करता है। इसके अलावा, हाल में कई स्तरों की वार्ताओं के दौरान भारत ने चीन के साथ व्यापार घाटे का मुद्दा भी उठाया और बाजार तक न्यायसंगत पहुंच की बात की। हम आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच लगातार क्रिटिकल टेक्नोलॉजी, जलवायु परिवर्तन और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की जा रही है। साथ ही विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए चीन जाने वाले हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आने के बाद, जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। बताया जा रहा है कि विदेश मंत्री 14 और 15 जुलाई को आयोजित होने वाले एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए तियानजिन जाने से पहले अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता करने को लेकर बीजिंग की यात्रा करेंगे। जयशंकर की यह यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीनी शहर चिंगदाओ की यात्रा के कुछ ही हफ्तों बाद हो रही है। हम आपको बता दें कि चीन एससीओ का वर्तमान अध्यक्ष है और वह समूह की बैठकों की मेजबानी कर रहा है। बहरहाल, देखा जाये तो भारत की नीति अब विरोध के साथ संवाद वाली प्रतीत हो रही है– अर्थात जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रतिरोध और जहाँ संभव हो वहाँ सहयोग। यह संतुलन भारत की स्वायत्त रणनीतिक स्थिति को मजबूती प्रदान करता है। कुल मिलाकर देखें तो ब्रिक्स बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की दमदार उपस्थिति न केवल भारत के आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों की अभिव्यक्ति थी, बल्कि यह भी संकेत थी कि भारत अब क्रिटिकल मिनरल्स जैसी जटिल वैश्विक चुनौतियों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को तैयार है। चीन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में संयम और स्पष्टता दोनों का प्रदर्शन करके भारत ने यह भी सिद्ध किया कि वह अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना संवाद की नीति पर कायम है। आने वाले समय में यह संतुलन भारत को ग्लोबल साउथ के नेतृत्वकर्ता के रूप में और अधिक सशक्त करेगा।

-नीरज कुमार दुबे-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## पता है फिर भी अरे क्यों?

पता है फिर भी? अरे क्यों? फिर भी क्यों? आखिर क्या मिल रहा या क्या मिलेगा? क्या इसमें तुम्हारा बहुत बड़ा फायदा है? बताओ अरे बताओ मैंने कुछ पूछा है समाज के उन लोगों से जो? बोलते



वीना आडवानी,तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

हुए भी या सवाल पूछते हुए भी सिर्फ घृणा व गुस्से से भरा मेरा मन मेरे भीतर पनप रहे गुस्से की ज्वाला को ओर अधिक सुलगा रहा है। मैं तो सिर्फ समाज को देख, समझ कर लिखते हुए अपनी कलम चलाते हुए जब इतनी आक्रोश या कह लो गुस्से मे भर रही तो जरा उनका सोचो जिनके जीवन में सच ये घटना घटित हो रही है। क्या हाल हो रहा होगा उनका आखिर सोच-सोच कर इन परिस्थितियों से जुझने वालों के मन कि पीड़ा मेरी कलम रुह से महसूस कर रही है। कितनी उनके अंदर करुणा, दर्द, चीख वो चीख भरी दर्द से जो आपको बाहरी तौर पर दिख नहीं रही पर सामने वाला चीख रहा है भीतर ही भीतर दर्द की आग में। शायद आप जानते हैं,पहचानते भी हैं फिर भी? क्या मिलेगा? बताओ आज मेरी कलम आवाज़ उठा रही है? बताओ, बोलो ना?

उफ्फ़ मेरे इतने ही शब्द पढ़कर आप पाठकों की रुह छलनी हो ही गयी होगी और आप यही सोच रहे होंगे कि भाई हमनें ऐसा क्या कर दिया की लेखिका की कलम इतना दर्द में भरकर सवाल, ऊंगली उठा रही समाज में व्याप्त कुछ लोगों के आंतरिक दर्द-चीख को जानकर, पहचान कर महसूस कर वो भी दूसरों का दर्द?

जहाँ एक तरफ़ मैंने आप पाठकों से सवाल किये वहीं दूसरी ओर से आप पाठक मेरे लिये खुद के भीतर सवालों का अथाह सागर लिए सोच रहे की क्यों लेखिका की कलम आज आक्रोश मे है? तो चलिये आज बता देती हूँ कि लेखिका वीना की कलम क्यों आक्रोश में है और कलम समाज में बढ़ती किस समस्या पर आज अपना गुस्सा फोड़ रही वो भी धनुष समान कलम से, शब्दों के तीखे-तीखे बाण छोड़कर जो सीधे से पाठक का सीना छलनी-छलनी कर दे।



दरअसल मैं बात अरे-अरे मैं नहीं मैं कौन होती किसी पर ऊंगली या सवाल उठाने वाली मैं तो तुच्छ सी एक छोटी सी लेखिका हूँ भला मुझे कहाँ अधिकार किसी से सवाल करने का ये तो जो मेरी कलम है ना ये चुप रह ही नहीं सकती बस कोई सवाल मेरे मन में उठा नहीं की उगल देती लिख-लिख कर मेरे भीतर की बातों को और पाठक बेवजह मुझे ही दोष देते। क्या कहूं भाई आप पाठकों को।

### मेरी कलम ही कान की कच्ची है


बस कोई बात या कोई प्रश्न मुझमें मतलब मेरे भीतर उठने की देर है, यहाँ सवाल उठा नहीं की मेरी कलम धड़-धड़-धड़-धड़ कर रेल के माफिक चलती ही रहती है रूकने का नाम ही नहीं लेती रुकती तब जब मेरा मन शान्त हो जाता पूरी तरह। अरे! लो फिर मैं भटक गई कि हम या लेखिका की कलम क्यों गुस्से में है। दरअसल लेखिका इसलिए गुस्से से भरी है की ये समाज में आखिर क्या हो रहा है?

समाज में ये तो नाइंसाफी हो रही उस इंसान के साथ जो रुह लिये फिर रहा, बहुत सच्चा, सरल,ईमानदार, हंसमुख, सभी को अपना समझने वाला, सभी का सम्मान करने वाला और उसी के साथ? छल!

चलिए बताती हूँ कि आज किस विषय को लेकर कलम चलाई,किसने किसके साथ छल किया। दरअसल ये छल उस व्यक्ति ने किया जो धोखेबाज़,फरेबी है जो बहुत ही चालाकियों से एक सरल इंसान को छलता ही चला जा रहा है और उसे कानों कान खबर भी नहीं लगने दे रहा है मतलब इतनी सफाई से छल रहा कि सामने वाला समझ भी नहीं पा रहा कि उसके साथ छल हो रहा है। जब छलिये की कुछ संदिग्ध कार्यों पर या कह लें की अलग ही प्रकार का आभास हुआ सरल इंसान को और उसने कुछ सवाल जवाब किए तो उसे अपने ही परिचितों के बीच पागल घोषित करने की कोशिश की, उसे इस तरह जाल बिछा फंसाने की कोशिश की ताकि उस शातिर छलिये को सब सरल और सरल व्यक्ति को शातिर समझे और पूरा का पूरा अपना हर एक गुनाह जानकर भी कि वो स्वयं गुनहगार है सरल इंसान पर मढ़ देता। जानकर भी अनजान बन किसी के साथ किया छल उस समय सोचे वो तो दुनिया उसके रवैए से अनजान है परंतु जो साथ में रह रहा वो धीरे-धीरे सब जान जाता और जब वो आवाज़ उठाता तो उसे इस तरह मानसिक प्रताड़ना दे अपने गुनाहों को कम करने कि जगह वो और भी अधिक बढ़ा लेता। खैर वो कहावत तो आपने सुनी होगी *बकरे की माँ कब तक खैर मनाएगी* ठीक उसी तरह कब तक आखिर गुनाहगार अपने द्वारा किए गए गुनाह दूसरों पर थोप सकता है। एक ना एक दिन तो उसके हर एक अपने, परायों, दोस्तों, या अन्य जगह किये गये कुकर्मों से बच सकता है। एक ना एक दिन तो चेहरे पर लगा नकाब उतर एक बदनुमा चेहरा समाज के सामने आ ही जाता है। वो चेहरा जो कालिख पोतने के भी लायक नहीं है। जानते हुए भी गुनहगार कि वो स्वयं गुनहगार है फिर भी सरल को छलता है आखिर क्यों और कब तक? गुनहगार सोचता किसी ने नहीं देखा परंतु वो समय, कर्म, और भगवान को भूल गया कुकर्म करते वक्त ये तीनों अदृश्य हैं हम आम मानव की दृष्टि से परंतु ये तीनों जब अपना सुदर्शन चक्र चलाते तो क्या राजा क्या रंक सब गुनहगार चपेट में आते। अर्थात कर्म ऐसे करो कि जग तेरा नाम गाए, तू चला जा दुनिया से चाहे, तेरे नाम की गूंज रह जाए।

# लगातार अपनी विश्वसनीयता को कमतर कर रहे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपनी विश्वसीयता को कमतर कर रहे हैं। कभी अनाप-शनाप निर्णय के कारण तो कभी भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का श्रेय लेने के कारण।ताजा मामला ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम के एकतरफा ऐलान का है। इस कदम के फलस्वरूप न केवल उनके देश के नागरिकों में गुस्सा है बल्कि उनके सहयोगी देश भी सकते में हैं। यही नहीं ट्रंप ने दवा किया कि दोनों देश शांति के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विस्तृत युद्ध विराम की घोषणा की। आपने दावा किया कि ईरान और इजरायल लगभग एक साथ मेरे पास आए और कहां शांति', मुझे पता था कि अब समय आ गया है। विश्व और मध्य पूर्व ही असली विजेता है।' आगे कहा कि इजरायल और ईरान का भविष्य असीमित है और महान आशाओं से भरा है दोनों देश अपने भविष्य में जबरदस्त स्नेह, शांति और समृद्धि देखेंगे। विचारणीय विषय यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम योजना को स्वीकार कर लिया ताकि मध्य पूर्व में चल रहे 12 दिनी युद्ध को अलविदा किया जा सके। कहा गया तब तेहरान ने ईरान में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी सीमित प्रक्षेपास्त्र द्वारा प्रहार किया था।वास्तव में यह अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु स्थलों पर की गई बमबारी का बदला था। यह भी ध्यान रहे कि इजरायल ने भी अभी तक ट्रंप के युद्ध विराम की घोषणा को स्वीकार नहीं किया है। आखिरकार ट्रंप की इस प्रकार की खोखली घोषणाएं देश एवं दुनिया को क्या जाहिर कराना चाहती है। इस तरह ट्रंप अपने मुंह मियां मिट्ठू बनकर अमेरिका की प्रतिष्ठा को भी धूल धूसरित करने में लगे हैं।दूसरी तरफ, इजरायल ने ईरान पर युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए बलपूर्वक जवाब देने की कसम खाई है। ईरान तथा इजरायल के बीच युद्धविराम की बात जिसने 12 दिनों के संघर्ष को रोक कर राहत भले दे दी हो, किंतु अभी भी असमंजस की स्थिति स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। ट्रंप अमेरिका के ही नहीं बल्कि दुनिया के ऐसे पहले राष्ट्र प्रमुख होंगे जिन पर विश्वास करना खतरे से खाली नहीं है।दुनिया के हर मामले में हस्तक्षेप करके अपनी साख खोते जा रहे हैं। स्मरण रहे कि ट्रंप ने स्पष्ट



रूप से ईरान इजरायल युद्ध में शामिल होने के संदर्भ में कहा था अमेरिका दो हफ्तों के भीतर इस संघर्ष में शामिल होने का फैसला करेगा, किंतु दो दिन बाद ही अमेरिका के बी-2 बमवर्षकों द्वारा ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर हमला किया,जिसके परिणामस्वरूप भू राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तनाव बढने की आशंकाएं बढ़ गई।ट्रंप की घोषणा के बाद तेल अवीव और तेहरान संघष विराम पर सहमत हो गए हैं। बड़ी असमंजस की स्थिति बन चुकी है। एक ओर अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की परमाणु क्षमता को सीमित कर दिया है वहीं ईरान का कहना है कि वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के सामने खड़े होकर मुकाबला करने का जज्बा, जोश और जुनून रखता है और किसी भी हालत में पीछे ने हटने की बात भी करता है। इजरायल बहुत हद तक ईरान को कमजोर एवं खंड-विखंड की बात कहता है। इस युद्ध में हर देश अपने को एक दूसरे से बड़ा विजेता बनने की बात करता है, किंतु इसकी सत्यता तो समय पर पता लगेगी कि वास्तविक जीत किसकी हुई है? ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर किए गए अपने आक्रमण को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। ईरान किसी के द्वारा की गई ज्यादती को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगा। हम किसी के आगे नहीं झुकेंगे। यही ईरानी राष्ट्र की सोच है। स्पष्ट कर दूं कि एक दिन पूर्व अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्लांट्स पर हमला किया था, जिसमें फोर्डो परमाणु सुविधा संपन्न केंद्र भी शामिल था।इसमें अमेरिका ने बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स के द्वारा 14 जीबीयू-57 में सिर्फ ऑर्डिनेंस पेनिट्रेटर गिराए थे। इससे ईरान के परमाणु सुविधा को बड़ी हानि उठानी पड़ी। ट्रंप अपने देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के पहले राष्ट्राध्यक्ष होंगे जो अपनी अस्थिर सोच, विचार, क्रियाकलाप एवं व्यवहार के रूप में जाने जाएंगे।नोबेल शांति पुरस्कार की लालसा रखने वाले अपने पद, प्रतिष्ठा एवं प्रतिबद्धता को भी दांव में लगाकर दोहरी, दोमुखी एवं दुधारू तलवार से दुनिया को चलाने का जो प्रयास कर रहे हैं, वह बेहद विरोधाभास से भरा हुआ है। जिस स्थिति एवं व्यवहार को अपनाकर वे ट्रंप चाल' चल रहे हैं, उससे उनकी जीत कभी भी बड़ी हार में बदल सकती है। बड़ा बनने के लिए एक बड़ी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और स्वयं की बजाय लोगों को साबित करना होता है। एक ओर आतंकी पाकिस्तान के साथ दोस्ती का डिनर दूसरी ओर ईरान पर हमला तीसरी और जी-7 की बैठक को बीच में छोडऩा, ऑपरेशन सिंदूर' के समय भारत-पाकिस्तान युद्ध में युद्ध विराम का श्रेय खुद लेना और स्वयं पीछे हट जाना कि इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी; आखिर कितना छिछलापन है? यह सर्वविदित सत्य है कि जहां अस्तित्व हेतु संघर्ष बेहद जरूरी है वहां शांति के बिना जीवन का आधार नहीं है। संघर्ष की अवधारणा अत्यंत व्यापक है, जो शांति की इच्छा को प्रोत्साहित करती है। वर्तमान दौर में संघर्ष एवं शांति बेहद महत्त्वपूर्ण समसामयिक चिंता एवं चिंतन का विषय है। हम सभी शांति, सुरक्षा, सद्भाव,सदाचार, सहयोग, समर्थन, स्नेह, सहानुभूति एवं सार्थक शिक्षा की बात करते हैं, किंतु उन्हें जीवन व्यवहार में अपनाने की बात पर अमल नहीं करते। देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अपना पिट्ठू बनाए रखने की ललक स्वयं एवं विश्व हित में नहीं होती है।अतः ट्रंप द्वारा स्वयं की शेखी बघारना या डींग हांकना बंद करके मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के प्रति गंभीर रूप से चिंता व चिंतन करें तो इतिहास उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से बड़ा मानवीय हित संरक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगा। जिस तरह की दोहरी सोच वह प्रकट करते हैं, इससे उनके व्यक्तित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं अमेरिका की छवि भी धूल धूसरित होती है। उन्हें जो अभी अपने बेहद खास नजर आ रहे हैं, वो भी कुछ दिनों में पराए हो जाएंगे। काश! उन्हें सदबुद्धि आए और विश्व का कल्याण हो।

-डॉ. एस.के. मिश्र-

## कविता
## कोरा कागज

घटती-घटना



वीरेन्द्र बहादुर सिंह
नोएडा
उत्तरप्रदेश

कोरे कागज का एक टुकड़ा,
मुसलमान ने लिखा कुरान,
क्रिश्चियन ने लिखा बाइबल,
यहूदी ने लिखा टोराह,
और हिंदू ने लिखा गीता।
सभी ने अपने ही शब्दों को सच होने
का दावा किया।
गड़बड़ी हुई,
मिजाज खराब हुआ,
अचानक तीव्र वेदना में कागज
चिल्लाया,
बस करो, मत करो दखल,
रहने दो मात्र मुझे,
एक कोरा टुकड़ा कागज का।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

## चलती बाइक से गिरी महिला की मौत,बेटी को आई है गंभीर चोट

उदयपुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमली आमा के पास 6 जुलाई की शाम को चलती बाइक से महिला व उसकी बेटी सड़क पर गिर गई। इससे दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मां की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार सुमित्रा पति जगत सिंह उम्र 34 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुमडेवा सत्तीमुड़ा की रहने वाली थी। वह 6 जून को अपने भतीजे की शादी में शामिल होने बाइक से पति व छोटी बेटी के साथ ग्राम जगरनाथपुर गई थी। शाम को तीनों बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम अमली आमा के पास सुमित्रा व उसकी बेटी चलती बाइक से गिर गई। दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगने से महिला बोहोश हो गई। वहीं उसकी बेटी को भी चोटें आई थी। पति बोलेरो वाहन से दोनों को इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मां-बेटी को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान सुमित्रा की मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी का इलाज चल रहा है।

## निजी अस्पताल में घुसकर शराब के नशे में दो युवक मचा रहे थे उत्पात

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में घुसकर दो युवक 8 जुलाई की रात को उत्पात मचा रहे थे। जिसेस अस्पताल में मौजूद लोग भयभित थे। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को गिरफ्तार कार्रवाई की है। 8 जलाई की रात को गांधीनगर थाना पुलिस को जानकारी मिली की क्षेत्र के महावीर अस्पताल में दो युवक शराब के नशे में उत्पात मचा रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। यहां आदित्य वर्मा पिता नीरज वर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी सुभाषनगर थाना गांधीनगर,आयुश वर्मा पिता नीरज वर्मा उम्र 22वर्ष निवासी सुभाषनगर थाना गांधीनगर जो शराब के नशे में थे और सार्वजनिक स्थल पर उत्पात मचा रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाई और दोनों के खिलाफ धारा 36(च)(2) के तहत कार्रवाई की है।

## दुकान का ताला तोड़कर नकदी सहित अन्य सामान चोरी

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

सीतापुर के गुतुरमा सरईपारा स्थित कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान के काउंटर से 25 हजार नकदी व तिरपाल,रेनकोट,छाता सहित अन्य सामान पार कर दिया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार हेमन्त गुप्ता जशपुर जिले के ग्राम मुडेकेला का रहने वाला है। इसक सीतापुर थाना क्षेत्र के गुतुरमा सरईपारा में कपड़े की दुकान है। 6 जुलाई की शाम को दुकान बंदकर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का शटर का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो पता चला कि रात करीब 2 बजे दो व्यक्ति दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसकर काउंटर से 25 हजार नगदी, 12 नग तिरपाल, 15 नग रेनकोट, 20 नग छाता, 25 नग चश्मा सहित अन्स सामान ले गए। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोतवाली थाना क्षेत्र के कांतिप्रकाशपुर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व रुपए पार कर दिए है। मकान मालिक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तौकीर आलम कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कांतिप्रकाशपुर का रहने वाला है। वह 4 जुलाई की रात को 1 बजे ताला बंदकर सह परिवार अपने मूल निवासी झारखंड के गढ़वा जिला गया था। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी ने तौकीर के मोबाइल पर फोन कर बताया कि तुम्हारे घर का ताला टूटा हुआ है। सूचना पर परिजन वापस लौटेकर देखे तो घर का ताला टूटा था और अंदर अलमारी का लॉक तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात व नकदी पार कर दिए थे। तौकीर ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) व 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## अज्ञता बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित लखनपुर थाना क्षेत्र के हंसडांड के पास अज्ञात बोलेरो वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार कपिल हरिजन पिता जवाहर हरिजन उम्र 23 वर्ष चैनपुर बडक़ा पारा का रहने वाला था। वह मंगलवार को बाइक से लखनपुर किसी काम से जा रहा था। जैसे ही हंसडांड के पास पहुंचा तभी अंबिकापुर की ओर से आ रहे अज्ञात बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत मौके पर ही हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और दुर्घटनाकारी वाहन की तलाश में जुट गई है।

# राजपुर एसडीएम ने एनएच-343 सड़क को गंभीरता से लिया

### मरम्मत को लेकर बैठक कर दिया निर्देश

**आपको बता दें कि एनएच-343 पर 92.7 किमी सड़क निर्माण के लिए 441 करोड़ के तीन अनुबंध,बरसात बाद शुरू होगा नया सड़क निर्माण**

बलरामपुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की दुर्दशा सर्वविदित है। आम जनमानस को चाहे बस हो या निजी वाहन। इस मार्ग पर सफर करना अब जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। ज्ञात हो कि अंबिकापुर से पस्ता तक की सड़क बारिश होने के कारण जगह-जगह हो चुके गड्ढों में पानी भरने के कारण सड़क कम और डबरी ज्यादा नजर आने लगी है। वाहन चालकों के द्वारा सड़क में गड्ढे नहीं गड्ढों में सड़क ढूंढ कर अपने गंतव्य तक जहां जोखिम में डालकर चलना पड़ रह है। सड़क की इस बदहाल स्थिति को लेकर सफर कर रहे जनमानस के साथ-साथ स्थानीय जनता और वाहन चालकों में भारी आक्रोश है। राष्ट्रीय राजमार्ग-343 की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे जनाक्रोश को देखते हुए राजपुर अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रधान ने संज्ञान लेते हुए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों,इंजीनियरों,ठेकेदारों तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खराब हो चुके मार्ग के चिन्हित स्थलों पर त्वरित मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए.राजपुर एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने अपने कार्यालय में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की बैठक ली। बैठक में एनएच एसडीओ निखिल लकड़ा,नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर,थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह,ठेकेदार, इंजीनियर और युवा कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सड़क के गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हिस्सों की पहचान और स्पॉट चिन्हांकन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए।

**एसडीओ निखिल लकड़ा के द्वारा बताया गया**

राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ निखिल लकड़ा ने बताया कि बारिश के कारण सड़क मरम्मत कार्य बाधित हुआ था,लेकिन अब रिपेयरिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। गागर नदी और गेउर नदी के पुलों के पास बने गहरे गड्ढों को प्राथमिकता के साथ दुरुस्त किया जा रहा है। ठेकेदार लगातार कार्य में लगे हुए हैं। बारिश थमते ही कार्यों में तेजी लाई जाएगी और कुछ ही दिनों में सड़क की स्थिति में सुधार नजर आएगा। जब तक नए सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं होती,तब तक प्रत्येक सप्ताह सड़क के गड्ढों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य नियमित रूप से किया जाएगा। राजपुर अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रधान ने बताया कि एनएच विभाग और अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी जिसने युवा कांग्रेस के पदाधिकारी भी शामिल थे। बैठक में एन एच विभाग से चर्चा हुई कि पूरे बरसात तक हर हफ्ते रिपेयरिंग कार्य चालू रहेगा और बरसात के बाद नए सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। बैठक में स्पॉट चिन्हांकित कर रिपेयरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।





**एनएच-343 पर तीन सड़क निर्माण परियोजनाओं के लिए 441 करोड़ के अनुबंध, 92.7 किलोमीटर में होगा निर्माण कार्य**

एनएच एसडीओ निखिल लकड़ा ने बताया कि एनएच-343 पर तीन अलग-अलग हिस्सों में कुल 92.7 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के लिए कुल 441 करोड़ की लागत से अनुबंध किया गया है। संजयनगर से राजपुरी खुर्द तक 13.7 किलोमीटर लंबे बायपास सड़क निर्माण के लिए 90 करोड़ का अनुबंध स्वीकृत किया गया है।इसके बाद रजपुरी खुर्द से पास्ता पाढ़ी तक की 49 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 240 करोड़ का अनुबंध हुआ है। वहीं, बड़कीमहरी से रामानुजगंज बॉर्डर तक 30 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 111 करोड़ का अनुबंध किया गया है।

# माता राजमोहिनी जयंती पर जनजाति गौरव समाज ने किया रक्तदान व जागरूकता कार्यक्रम

### जनजाति गौरव समाज ने मनाई माता राजमोहिनी जयंती,संस्कृति संरक्षण पर जोर...




अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

जनजाति गौरव समाज,पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था,संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, और शासकीय मेडिकल कॉलेज,अंबिकापुर के संयुक्त तत्वावधान में माता राजमोहिनी देवी की जन्म जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता,छत्तीसगढ़ महतारी और माता राजमोहिनी देवी के चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने माता राजमोहिनी देवी और समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था के महामंत्री अमित सिंह मरावी ने माताजी के नशा मुक्ति,धर्मांतरण रोकथाम,छुआछूत उन्मूलन,शिक्षा,जल प्रबंधन, सनातन धर्म,संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण हेतु गाँव-गाँव पदयात्रा कर समाज को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोडऩे के कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। सरगुजा विश्वविद्यालय की कुलसचिव एस.पी. त्रिपाठी ने प्राचीन शिक्षा पद्धति,जड़ी-बूटी चिकित्सा और जनजाति परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह अजय मिश्रा ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ जनजाति समाज के उत्थान की बात कही। डॉ. बी.आर. सिंह ने सामाजिक बुराइयों, अंधविश्वास और वैज्ञानिक युग में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति पर बल दिया। जनजाति गौरव समाज के संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम ने विदेशी संगठनों द्वारा समाज को बाँटने के षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने और शिक्षा, स्वास्थ्य व आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिस्पर्धा करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज प्राचीन काल से सनातन समाज का अभिन्न अंग रहा है। कार्यक्रम का संचालन धर्म सिंह मरावी ने किया और आभार प्रदर्शन जनजाति गौरव समाज के जिला सचिव उपेंद्र सिंह उरकेरा ने किया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में जनजाति गौरव समाज के जिला अध्यक्ष बिहारी तिर्की,पूर्व नगर निगम के सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा,राज बहादुर सिंह, अनामिका पैकरा,शशि कला भगत,रघुवीर भगत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष,मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधिष्ठाता एके श्रीवास्तव,अधीक्षक जगदीश प्रसाद सिंह, नरेंद्र सिंह,विक्रम सोनी, कुणाल बाबरा,कमला प्रसाद सिंह,दिनेश पाल, चंद्रभूषण गुप्ता,गोविंद राम उईके,रमेश पैकरा, पूरन सिंह टेकाम और लैब इंचार्ज जगरानी कुजूर शामिल थे।

रक्तदान शिविर में बिहारी तिर्की, दिनेश पावले, चंद्रभूषण सिंह, हिमांशु सिंह, विकास ठाकुर, रोबिन कुमार चौहान, श्वेता जायसवाल, दिनेश सिंह, विवेक सिंह, दीपक लाल, ब्रह्म सिंह, उपेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, और यशवंत प्रजापति ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## ई-ऑफिस के माध्यम से फ़ाइल को आगे बढ़ाएं विभाग : कलेक्टर



कोरबा,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के दिए गए निर्देशों के तहत ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में आज प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टोरेट के सभी शाखाओं के कर्मचारियों को ई-ऑफिस के संचालन और किसी फ़ाइल को एक शाखा से दूसरे शाखा में प्रेषित करने,ऑनलाइन नोटशीट बनाने और फ़ाइल अटैचमेंट करने के संबंध में एनआईसी के अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल द्वारा पीपीटी तथा पोर्टल में गतिविधियों का संचालन कर बताया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने अपने कार्यालय से डिजिटल हस्ताक्षर कर फ़ाइल की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप सभी विभाग और शाखा ई-ऑफिस के माध्यम से फ़ाइल आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि किसी भी ऑफिस में फ़ाइल का मूवमेंट समय सीमा में पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित हो। भविष्य में किसी भी कार्यालय के कामकाज को व्यवस्थित ढंग से करने में भी ई ऑफिस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने शाखा प्रभारी और प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों से कहा कि ई-ऑफिस के हर अनुदेश को अच्छे से समझते हुए इसका सावधानी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक दौर में समझने में भले ही कुछ कठिन लग सकता है लेकिन इसमें कार्य करना आसान है।

इसे सीखने के पश्चात कार्य करने में आसानी होगी और शाखाओं से निकलने वाली फाइल, शाखाओं को प्राप्त होने वाली फ़ाइल का ऑनलाइन रिकॉर्ड रहेगा। किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होगी और कांटछांट नहीं हो सकने से हर फ़ाइल में क्लियरिटी और पारदर्शिता होगी। कलेक्टर ने सभी शाखाओं को अच्छे से प्रशिक्षण देने और उन्हें होने वाली कठिनाई को दूर करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे,डिप्टी कलेक्टर रश्मि वर्मा, माधुरी सोम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारतीय डाक विभाग की सेवाएं होंगी और भी हाईटेक

### आई. टी. मॉडर्नाइजेशन-2.0 का डाकघरों में हुआ शुभारंभ:पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव

**आई. टी. मॉडर्नाइजेशन-2.0 के तहत डाकघरों में क्यू.आर. कोड स्कैन करके ग्राहक कर सकेंगे...**

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

डाक विभाग अपनी सेवाओं को और उन्नत बनाने हेतु इन्हें हाईटेक कर रहा है। इसी क्रम में डाक विभाग ने आई. टी. मॉडर्नाइजेशन-2.0 को लागू करना आरंभ किया है। उत्तर गुजरात सह सौराष्ट्र एवं कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डिजिटल इण्डिया और कैशलेस इण्डिया की तरफ डाक विभाग का यह एक कस्टमर फ्रेंडली कदम है, जिससे शहर के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शाखा डाकघरों को भी हाईटेक बनाया जा रहा है। इसके तहत डाक विभाग के सभी प्रशासनिक कार्यालय, डाकघर, रेलवे डाक सेवा ए.पी.टी 2.0 पोर्टल पर कार्य करेंगे। गुजरात डाक परिमंडल में पहले फेज में 8 जुलाई, 2025 को मेहसाणा, राजकोट एवं नवसारी डाक मंडलों और सभी रेल डाक सेवा मंडलों की डाक सेवाओं को ए.पी.टी 2.0 पोर्टल पर शिफ्ट कर दिया गया है। शेष 23 डाक मंडलों में भी 22 जुलाई से इस पोर्टल पर काम आरम्भ हो जायेगा। आईटी 2.0 को लागू करने से पहले गुजरात परिमंडल के 26,000 से ज्यादा कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अगस्त 2025 तक देश के सभी डाकघर आई. टी. मॉडर्नाइजेशन-2.0 के तहत काम करना शुरू कर देंगे।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने फ़ॉरेन पोस्ट ऑफिस और रेलवे मेल सर्विस,अहमदाबाद कार्यालय में आई. टी. मॉडर्नाइजेशन-2.0 का शुभारंभ किया। वहीं,वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के राजकोट और मेहसाणा मंडल में इसके शुभारंभ अवसर पर उन्होंने डाककर्मियों से संवाद भी किया। श्री यादव ने बताया कि ए.पी.टी 2.0 से पहले, डाक विभाग में सभी प्रकार की डाक सेवाएं सैप और दर्पण 2.0 सॉफ्टवेयर के माध्यम से दी जा रही थीं। सैप एक प्राइवेट कंपनी द्वारा विकसित किया गया सॉफ्टवेयर है, जबकि दर्पण 2.0 डाक विभाग द्वारा विकसित एक एप्लीकेशन है। आई. टी. मॉडर्नाइजेशन- 2.0 के तहत डाक विभाग के सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन पोस्टल टेक्नालॉजी,मैसूर द्वारा तैयार किया गया ऑनलाइन पोर्टल ए.पी.टी 2.0 विभिन्न सॉफ्टवेयर में हो रहे कार्यों को मिलाकर एक सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, जिससे डाककर्मियों को काम करने में काफी आसानी होगी और ग्राहकों को भी त्वरित सेवा मिलेगी। अब ग्राहक क्यू.आर. कोड स्कैन करके यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। ए.पी.टी 2.0 में कई नई सुविधाएँ प्रदान की गई हैं जिनमें डाक वितरण व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाने के लिए डाकिया के डाक वितरण कार्य को जीपीएस से जोड़ना, ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली शुरू करना, डाक के रिटेल और अनुबंधित ग्राहकों के लिए डाक सेवा ऐप के माध्यम से किसी भी सुविधा के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म प्रदान करना, उनके लिए कम दर पर पिकअप सेवा प्रदान करना, सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी शाखा डाकघरों को अधिक आधुनिक और सरल एप्लीकेशन प्रदान करना शामिल है। भविष्य में इसमें डिजिपिन (नई पिन कोड प्रणाली) को भी शामिल किया जायेगा।



## किसान के ब्रांडेड हाइब्रिड धान बीज के थरहा शिकायत के बाद कृषि अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे खेतों में...

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा-लखनपुर विकासखंड क्षेत्र के किसान खरीफ की खेती सीजन आने के बाद धान बीज की खरीदारी कर थरहा किए थे। लेकिन कुछ कंपनी के धान बीज में अंकुरण नहीं होने की शिकायत भी आ रही है। इसी सिलसिले में ग्राम पंचायत बंधा,लखनपुर,गणेशपुर, गोरता के किसान ने पान 2423 भीम गोल्ड 333 एवं अन्य कम्पनी के धान बीज में अंकुरण नहीं होने की शिकायत की थी। जिला कृषि विभाग के एम्परोस टोप्पो ,अनुविभागीय अधिकारी कृषि विनायक पांडेय ,निरिक्षक, हरित सिंह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी,कमल सिंह पोर्ते ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने किसान के खेत में पहुंच कर खराब बीज निरीक्षण उपरांत किसान की शिकायत सही पाई गई, धान बीज पान भीम सहित अन्य कम्पनी के धान बीज में थरहा अंकुरण खेतों में किसान के साथ निरीक्षण करने के दौरान अपेक्षा कृत कम थी। कई किसानों के खेतों में 20 से 30त्न बीज अंकुरित होना पाया गया। कृषि विभाग के अंबिकापुर और लखनपुर के जांच टीम ने कई किसानों के खेतों में थराह के पास जाकर निरीक्षण किया गया। किसानों के द्वारा अपनी खेती के नुकसान को लेकर दुख दर्द बयां किया गया अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही किसान मंगल राम जसीम खान,राजू दास,रूदन राजवाड़े,शमीम खान आनंद राजवाड़े का बयान दर्ज कर पंचनामा बनाया गया कंपनी के ऊपर धान बीज की सैंपल की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है देखने वाली बात होगी कि किसानों की समस्या से अवगत होकर कृषि विभाग की टीम आगे क्या कार्यवाही करती है।





# ट्रम्प ने 14 देशों पर टैरिफ लगाया,भारत शामिल नहीं

## जापान-साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत,म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ,1 अगस्त से लागू होगा

**वॉशिंगटन,08 जुलाई 2025।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25% टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30% से 40% तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25% शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है,उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10% बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है।

**जापान-साउथ कोरिया से नहीं हुई ट्रेड डील :** जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। अब भारत के साथ भी व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उनकी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच एक बहुत बड़ी लड़ाई को रोक दिया। उन्होंने कहा, हमने दोनों देशों से कहा कि अगर आप आपस में लड़ेंगे, तो हम आपके साथ कोई व्यापारिक संबंध नहीं रखेंगे। वे शायद परमाणु युद्ध के स्तर पर थे। इसे रोकना बहुत जरूरी था।

### यूएस ने 2 देशों के साथ शुरुआती ट्रेड डील की

अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10% का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25% का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0% टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20% टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20% ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0% टैरिफ लगाया है।

### भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द

अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं।

### चीन ने अमेरिका से कहा- धमकी मत दो

ट्रम्प की टैरिफ चेतावनी का ब्रिक्स के प्रमुख देश चीन ने कड़ा विरोध किया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर एक सकारात्मक संगठन है। निंग ने कहा, चीन किसी भी प्रकार के टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैरजरूरी दबाव डालने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।




### जापानी प्रधानमंत्री ने ट्रंप के नए टैरिफ को बताया निराशाजनक,बोले-राष्ट्रीय हित से पीछे नहीं हटेंगे

**टोक्यो,08 जुलाई 2025।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जापान पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला बेहद खेदजनक है। उन्होंने कहा कि पारस्परिक लाभ के लिए द्विपक्षीय वार्ता जारी रहेगी। जापानी पीएम ने टैरिफ टास्क फोर्स की बैठक में कहा कि राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इशिबा ने कहा कि हम अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखेंगे ताकि एक ऐसा समझौता हो सके, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो। साथ ही हम अपने राष्ट्रीय हितों की भी अनदेखी नहीं करेंगे। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की धीमी प्रगति की वजह बताते हुए जापानी पीएम ने कहा कि च्सरकार इस मामले में जल्दबाजी नहीं करना चाहती ताकि हमे अपने हितों से समझौता न करना पड़े और जो जरूरी है, उसकी रक्षा की जा सके।

# नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में बाढ़,12 नेपाली,6 चीनी लापता

### दोनों देशों को जोड़ने वाला मिटेरी ब्रिज और कई गाड़ियां बहीं

**काठमांडू,08 जुलाई 2025।** नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में मंगलवार सुबह करीब 3 बजे अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 18 लोग लापता हैं, जिसमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक हैं। 12 नेपालियों में 3 पुलिसकर्मी,9 नागरिक हैं। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। घटना चीनी सीमा पर नेपाल के रसुवा जिले में रसुवागढ़ी बॉर्डर पॉइंट की है। बाढ़ में नेपाल को चीन से जोड़ने वाला मेन पुल मिटेरी ब्रिज ढह गया। मिटेरी ब्रिज से चीन-नेपाल के बीच रोजाना लाखों रुपए का व्यापार होता था। रसुवा में कस्टम्स ऑफिस का यार्ड भी क्षतिग्रस्त हो गया। कस्टम यार्ड में खड़े कई कार्गो कंटेनर भी बह गए। सभी कंटेनर सामान से भरे हुए थे। कस्टम यार्ड के अंदर फंसे कुछ लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन सभी तरफ बाढ़ के पानी के कारण चल रहे ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है।

**पुल बहने से चीन-नेपाल के बीच व्यापार रुका :** भोटेकोशी नदी में बाढ़ से नेपाल को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। पुल बहने से इस रूट से चीन और नेपाल के बीच होने वाला व्यापार रुक गया है। नेपाल को अब सामान मंगवाने के लिए भारत पर निर्भर होना पड़ेगा। सामान को चीन से भारत और फिर उसे जमीन के रास्ते नेपाल मंगाया जा सकता है। नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल ने बताया कि भोटेकोशी नदी के बढ़ते पानी ने तिमुरे में एक ईवी चार्जिंग स्टेशन से आठ इलेक्ट्रिक वाहनों को भी बहा दिया। पासंग ल्हामू हाईवे पर भी कई जगह लैंडस्लाइड हुआ। सड़क का बड़ा हिस्सा नदी के साथ बह गया है। जिससे परिवहन ठप हो गया है। बाढ़ में कई घर और चीन से मंगाए पांच इलेक्ट्रिक वाहन भी बह गए।

**नेपाल के कई हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स को नुकसान :** रसुवा के रासुवागढ़ी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स को बुरी तरह नुकसान पहुंचा है,जिसके कारण 200 मेगावाट तक बिजली उत्पादन पूरी तरह रुक गया है। चिलीम हाइड्रोपावर कंपनी के CEO बाबूराजा महाराजन ने बताया कि बाढ़ में भोटे कोशी और त्रिशूली कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। आने वाले दिनों में यहां बिजली उत्पादन फिर से शुरू होने की कोई संभावना नहीं है। रसुवागढ़ी में भी परिचालन फिर से शुरू करना संभव नहीं है।

**पिछले साल सितंबर में बाढ़ से 200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई :** सितंबर, 2024 में नेपाल में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण 35 बच्चों सहित 215 से अधिक लोग मारे गए थे। दर्जनों लोग लापता हो गए।

# इजराइल-हमास युद्ध : उत्तरी गाजा में आईडीएफ के पांच सैनिक मारे गए, इस्राइली हमलों में 18 फलस्तीनियों की भी गई जान

**तेल अवीव,08 जुलाई 2025।** इस्राइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा में हुए एक हमले में उसके पांच सैनिक मारे गए। उधर, फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इस्राइली हमलों में 18 लोग मारे गए हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से गाजा संघर्ष को रोकने के लिए एक युद्धविराम योजना पर बातचीत कर रहे थे। हालांकि,किसी बड़े समझौते की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बातचीत में प्रगति के संकेत मिले हैं। सैनिकों की मौत से नेतन्याहू पर संघर्षविराम के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ सकता है। इस्राइल में सर्वेक्षणों में युद्ध को खत्म करने के लिए व्यापक समर्थन दिखा है।

इस्राइल के एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उत्तरी गाजा के बीत हनून इलाके में एक ऑपरेशन के दौरान सैनिकों के पास विस्फोटक लगाए गए थे। यह इलाका युद्ध की शुरुआत में एक महत्वपूर्ण जगह थी, जहां इस्राइल ने कई बार लड़ाई लड़ी है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि घायल सैनिकों को निकालने वाले सैनिकों पर भी दुश्मन ने गोली चलाई। इस्राइली सेना ने बताया कि हमले में 14 सैनिक घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। इसके साथ ही 2023 में हमास के खिलाफ शुरू हुए युद्ध होने के बाद से कुल मारे गए सैनिकों की संख्या 888 हो गई है। सैनिकों की मौत उस घटना के करीब दो सप्ताह बाद हुई है, जब गाजा में एक फलस्तीनी हमलावर ने उनके बख्तरबंद वाहन के पास बम लगाकर सात सैनिकों को मार डाला था, जो हाल के महीनों में सबसे घातक हमला था। नेतन्याहू ने एक बयान में सैनिकों की मौत पर संवेदना जताई और कहा कि वह हमास को हराने और सभी बंधकों को मुक्त कराने के अभियान में शहीद हुए। उधर, नासिर अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस्राइली हमलों में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए तंबू को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोग मारे गए। खान यूनिस के एक अलग हमले में एक परिवार के चार सदस्य (मां, पिता और उनके दो बच्चे) मारे गए। नुसैरत के औदा अस्पताल के एक बयान के अनुसार, मध्य गाजा में इस्राइली हमलों ने एक समूह को निशाना बनाया, जहां 10 लोग मारे गए और 72 अन्य घायल हुए। इस्राइली सेना ने हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इस्राइल हमेशा नागरिकों को हुए नुकसान के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराता है। उसका कहना है कि चरमपंथी हमास आबादी वाले इलाकों में कार्य करता है। इस संघर्ष में गाजा का स्वास्थ्य सेवा तंत्र लगभग ध्वस्त हो चुका है।



मंगलवार को फलस्तीन रेड क्रिसेंट ने कहा कि गाजा शहर में अल-जैतून मेडिकल क्लिनिक अपने आस-पास के इलाकों में हुई गोलेबारी के कारण बंद हो गया है। इससे हजारों नागरिकों को चिकित्सा सुविधा और बच्चों के टीकाकरण के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। उधर, ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि इस्राइल और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद अब 21 महीने से चल रहे गाजा संघर्ष को जल्द समाप्त किया जाए। नेतन्याहू का वॉशिंगटन दौरा युद्धविराम प्रस्ताव को नई तेजी दे सकता है।

# भाजपा के प्रशिक्षण का दूसरा दिन,केन्दीय मंत्री ने विधायकों व सांसदों को दी ट्रेनिंग

**अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** सरगुजा जिले के मैनपाट में भाजपा का 3 दिवसीय सांसद-विधायक प्रशिक्षण सोमवार से चल रहा है। मंगलवार को प्रशिक्षण का दूसरा दिन था। प्रशिक्षण में शामिल होने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हवाई मार्ग से मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा पहुंचे। यहां गृहमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य नेताओं ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इसके बाद सडक़ मार्ग मैनपाट पहुंचे और प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने सांसदों-विधायकों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने सांसदों व विधायकों को कई महत्वूपर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है। इस संगठन में अनुशासन ही मूलमंत्र है। इनके अलावा बीएल संतोष, विनोद तावड़े व नितिन नवीन ने भी सांसदों व विधायकों को प्रशिक्षण दिया। वहीं शिविर में तीसरे व अंतिम दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को शामिल होना था। इसकी तैयारी संगठन द्वारा की गई थी। लेकिन किन्ही कारणों से उनका दौरान रद्द हो गया है। जबकि प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सांसदों व विधायकों को प्रशिक्षण दिया था।







**शिवराज सिंह चौहान ने उल्टापानी का किया दौरा :** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैनपाट प्राकृतिक रूप से खूबसूरत तो है ही, साथ में यहां रहस्यमयी स्थल भी हैं। उल्टापानी जैसी चीज मैंने पहली बार देखा। यह चमत्कार है। वैज्ञानिक रीजन क्या है, इसका पता करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस स्थल को संजोने के अलावा इसे प्रचारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उल्टापानी में नाव बहाकर बचपन की याद ताजा हो गई। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद स्व-सहायता समूह की महिलाओं से भी बातचीत की। महिलाओं को उन्होंने लखपति दीदी बनाने की बात भी कही। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उल्टापानी का लुत्फ उठाने के बाद उन्होंने यहां सिंदूर के पौधे का रोपण किया। इस दौरान सीएम विष्णु देव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, विनोद तावड़े, भारत सिंह सिसोदिया,कलेक्टर विलास भोसकर,एसपी राजेश अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## सायबर क्राइम के विरुद्ध राजपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### म्यूल खाता धारक आरोपी को किया गिरफ्तार



**राजपुर/09 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमन लाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देशन में सायबर ठगी में म्यूल खाता धारकों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत राजपुर पुलिस ने म्यूल खाता धारक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी के तीन अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9.45 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी से संबंधित लेनदेन का खुलासा हुआ है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि बलरामपुर पुलिस अधीक्षक से मिले निर्देश पर राजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के माध्यम से जानकारी प्राप्त किया गया कि वार्ड क्रमांक 3 बकदरीपारा निवासी विशाल पैकरा पिता अजय पैकरा, जाति कंबर (उम्र 28 वर्ष) के द्वारा विभिन्न बैंक के खातों के माध्यम से अवैध और संदिग्ध लेन देन किया जा रहा हैं। आरोपी के द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में ?2,11,868, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते में ?6,67,502 और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते ने ?66,471,कुल राशिः 9,45,787 अवैध लेन देन पाया गया।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी विशाल अपने साथी के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर ऑनलाइन ठगी करता था।

# पदयात्रा निकाल कर की अंबिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन विस्तार की मांग

**अम्बिकापुर 08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन निर्माण की मांग को लेकर सरगुजा रेल संघर्ष समिति ने मंगलवार को महामाया चौक से घड़ी चौक तक पदयात्रा निकाली। इसके बाद रेल मंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर अंबिकापुर-रेणुकूट रेल मार्ग की मांग आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल कर, इसका जल्द निर्माण प्रारंभ करने की मांग की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप सरगुजा क्षेत्र रेल संघर्ष समिति ने महामाया चौक से चैंबर ऑफ कॉमर्स, कैट सहित व्यापारिक संगठनों, अधिवक्ताओं और गणयमान्य नागरिकों के साथ अंबिकापुर-रेणुकूट रेल निर्माण की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए शहर के मुख्य मार्ग देवीगंज रोड होकर घड़ी चौक तक पदयात्रा निकाला। इस दौरान व्यापारियों और आम नागरिकों को अंबिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन के महत्व से संबंधित तथ्यों के साथ पंपलेट वितरण भी किया गया। अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट अक्टूबर 2023 में रेलवे बोर्ड को जमा कर दिया गया है। इस प्रस्तावित रेल लाइन को आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल करने के लिए रेल संघर्ष समिति चरणबद्ध कार्यक्रम संचालित कर रही है। अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन निर्माण की मांग को लेकर लोगों में जन समर्थन और उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। पदयात्रा में कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री गोपाल अग्रवाल, व्यापारी संगठन कैट के जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, अधिवक्ता मनोज तिवारी, जनार्दन त्रिपाठी, वेदांती महाराज, अभिषेक सिंह, कांत दुबे, मंगल पांडेय, प्रभुनारायण वर्मा, अजय तिवारी, कैलाश मिश्रा, कान्हा अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अमित बंसल, ऋषि अग्रवाल, अनंगपाल दीक्षित, विजय सोनी, शिवेश सिंह, प्रकाश साहू, जितेंद्र सिंह, विनीत सेठी, मुकेश तिवारी, वेदांत तिवारी, नगीना सिंह, परमानंद तिवारी, दीपक गर्ग, सुजीत सिंह, रमेश द्विवेदी, प्रियेश अग्रहरि, राहुल त्रिपाठी, अंचल ओझा, दिनेश तिवारी, निशिकांत भगत, सुभाष गुप्ता, पंकज चौधरी, राकेश शुक्ला, राघवेंद्र सिंह, प्रदीप शुक्ला, विमलेश त्रिपाठी, सक्षम गुप्ता, मनीषा सिंह, हनी गुप्ता, पूजा पांडेय, शुभांसी पात्रा, उज्ज्वल तिवारी, मनोज भारती, कैलाश ठाकुर, रवि तिवारी, योगेश सोनी, संजय सोनी, शुभम जायसवाल, अंशुल सिंह, विवेक श्रीवास, शिवराज सिंह, राहुल गुप्ता, अमन श्रीवास्तव, मुकेश दुबे, सुनील साहू, समित मुंडा, रमेश साहू , निशांत जायसवाल, नीरज साहू, नितेश, संदीप दास, उदय साहू, विक्की साहू, राहुल साहू, ननकु मुंडा , लाला साहू, विशाल साहू, अनिल तिवारी, रामकुमार सिंह, अनिरुद्ध मिश्रा, मो एहसान, राहुल वर्मा, मोतीलाल राजवाड़े, दिलीप पटेल, चंद्रकांत साहू, पंकज सिंह, संतोष देवांगन, संजय गौतम, दशरथ कश्यप, प्रीतम सिंह, संदीप गुप्ता सहित अनेक लोग शामिल हुए।




**अंबिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन विस्तार से सरकार को दोहरी फायदा :** बहुप्रतीक्षित मांग अंबिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन की मांग को लकर सरगुज रेलवे संघर्ष समिति द्वारा पदयात्रा निकाले जाने के बाद सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि सरगुजा रेलवे संघर्ष समिति द्वारा रेलवे विस्तार को लेकर लंबे समय से प्रयास किया जा रहा है। अंबिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में उम्मीद थी, पर बजट में कोई विचार नहीं किया गया। इस लाइन का ट्रैफिक प्रोजेक्शन तुलनात्मक तौर पर सभी मापदंडों पर रेलवे के लिए लाभकारी है। रोजाना तकरीबन 12 हजार लोगों को इस रुट से आना-जाना होता है। इन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। सभी कोल खदान से कोयले एवं बाक्साइट का परिवहन इसके माध्यम से किया जा सकता है। वहीं अधिवक्ता मनोज तिवारी ने बताया कि सरकार के पास अंबिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन व अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन का विकाल्प है। अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन के विस्तार से सरकार को नुकसान होगा। क्यों कि इस क्षेत्र में कोल ब्लाक बहुत कम है। वहीं रेलवे को यात्री ट्रेन चलाने से घाटा होता है। अगर अबिकापुर-रेणुकूट से जोड़ा जाए तो छत्तीसगढ़ में पर्याप्त खनिजें हैं। इसके अलावा बनारस एजुकेशन हब है। इसके अलावा बनारस मेडिकल लाइन से जुड़ा हुआ है वहीं तिर्थ स्थल भी है।

## ट्रॉली बैग व झोले में 58 लीटर अंग्रेजी शराब रखकर रेलवे स्टेशन में घुम रहे थे दो युवक

**अम्बिकापुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** रेलवे स्टेशन अंबिकापुर में दो युवक ट्रॉली बैग व झोले में शराब रेखकर घुम रहे थे। संदेह होने पर रेलवे पुलिस ने तलाशी ली तो 300 नग गोवा, 24 नग मैकडावल विस्की पाया गया। जिसे रेवले पुलिस ने जब्त कर मामले की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार 8 जुलाई को रेलवे पुलिस ने गांधीनगर पुलिस को रेलवे स्टेशन से दो शराब तस्कर के पकड़े जाने की जानकारी दी।

सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी वीर गुप्ता पिता शिवनारायण गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी महुआपारा फूंदुलडिहारी थाना गांधीनगर व बादल कुजूर पिता राजेन्द्र कुजूर उम्र 26 वर्ष निवासी आरागाही थाना रामानुजगंज जिला बलरामपुर हाल मुकाम गांधीनगर को गिरफ्तार किया है।

CMYK

# पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ:चन्दन त्रिपाठी

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति,स्वास्थ्य सेवाएं और कृषि कार्यों की विस्तृत समीक्षा





-संवाददाता-
कोरिया,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।
कोरिया कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने विभिन्न विभागों की योजनावार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए निरंतर निगरानी और जमीनी क्रियान्वयन आवश्यक है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य,स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व जनजाति विकास,श्रम, पशुपालन एवं कृषि विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की सिलसिलेवार समीक्षा की गई।



### किसानों को प्रोत्साहन और कृषि सामग्री की उपलब्धता

कृषि,मार्कफेड और बीज निगम के अधिकारियों को किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने तथा उन्हें धान की जगह दलहन-तिलहन फसलें लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। साथ ही, दलहन- तिलहन फसलों के लाभ की जानकारी भी किसानों को देने के निर्देश दिए गए।

### समय-सीमा में शिकायतों का समाधान अनिवार्य

जनदर्शन,पीएम पोर्टल और सीएम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। आज जनदर्शन में 40 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने इन सभी आवेदनों को समय पर निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, श्री राकेश साहू सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### जनजातीय ग्रामों पर विशेष जोर

कलेक्टर ने 'धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान' की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के 154 जनजातीय ग्रामों का चयन किया गया है, जहां रह रहे परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु 15 जुलाई तक सभी गैप्स को भरने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को आयरन टेबलेट व आंगनबाड़ी केंद्रों में आयरन सिरप पिलाने की व्यवस्था की जाए और सिकलसेल, टीबी जांच तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने बुजुर्गों एवं मानसिक रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु दवाओं की उपलब्धता और सांप काटने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीवेनम वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### निरीक्षण और जवाबदेही के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अपर कलेक्टर, एसडीएम और जिलाधिकारियों को रोस्टर अनुसार आश्रम शालाओं,स्कूलों,स्वास्थ्य केंद्रों,आंगनवाड़ी केन्द्रों,राशन दुकानों की आकस्मिक निरीक्षण करने और संबंधित संस्थानों की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। संस्थानों में कमी मिलने पर तात्कालिक सुधार और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य अधिकारी से कहा है कि किसी भी हालत में जीर्ण भवनों में कक्षा व केंद्र का संचालन न करें, बल्कि मरम्मत करने की कार्यवाही तक अन्य कक्ष व भवनों में संचालित करने की व्यवस्था करें।

### नालियों का कराएं नियमित सफाई

कलेक्टर ने तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा है कि नियमित रूप से नालियों का सफाई कराएं व व्यवस्था का निरीक्षण भी करें, मोहल्ले व कॉलोनियों में कीटनाशक व मच्छर मारने की दवा का छिड़काव भी करें।

# आम आदमी पार्टी ने में मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



-संवाददाता-
एमसीबी,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।
जिला मनेंद्रगढ़- चिरमिरि- भरतपुर में कलेक्टर जन दर्शन में मनेंद्रगढ़ नगर पालिका परिषद में उप अभियंता के पद पर पदस्थ पवन साहू साल 2018-19 से मनेंद्रगढ़ में पदस्थ हैं जो की नियम विरुद्ध है, नियम के खिलाफ जाकर भी पद पर बने रहने के संबंध में आज शिकायत पत्र दिया गया है, इस विषय पर आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने बताया कि, मनेंद्रगढ़ नगर पालिका परिषद में बीते पांच साल जम के भ्रष्टाचार हुआ और सत्ता बदलने के बाद भी स्थिति वैसी ही है, नगर पालिका में हो रहे इस लूट में वहाँ पदस्थ उप अभियंता पवन साहू की की मुख्य भूमिका है, चाहे पूर्व में बिना विज्ञप्ति करोड़ों का टेंडर निकालना हो, चाहे अभी वार्ड 19 में बन रहा रिटर्निंग वाल हो, चाहे गैस पाइप लाइन का काम हो, चाहे उल्टा सीधा नाली निर्माण और चकर टाइल्स लगाने का काम हो, हर काम में साहू जी का कमीशन सेट है, रमाशंकर मिश्रा ने आगे कहा की आखिर क्या कारण है कि पवन साहू नियम विरुद्ध एक ही जगह तीन साल से भी ज्यादा समय से पदस्थ हैं? आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि, इसके साथ ही पवन साहू राजनैतिक प्रभाव व अपने पद का दुरूपयोग करते हुए, विशेष ठेकेदारों के आदेश पर उनको लाभ पहुंचाने के लिए कमीशन के आधार पर कार्य आबंटित करते हैं, जो की न्याय संगत व व्यवहारिक नहीं है तथा ये सरासर पद का दुरपयोग की श्रेणी में आता है। नगर पालिका मनेंद्रगढ़ में पदस्थ उप अभियंता पवन साहू पर जल्द से जल्द उचित कार्यवाही ना होने ही दशा में व अन्यत्र कहीं ट्रान्सफर ना किए जाने पर आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# पटना में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारी की बैठक संपन्न






-संवाददाता-
कोरिया,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।
संगठन एवं नवनिर्वाचित परिषद् के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी मंडल पटना के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं संगठन पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक जिला अध्यक्ष सम्माननीय श्री देवेंद्र तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता जी, जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला महामंत्री कपिल जायसवाल, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव के गरिमामय उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। सबसे पहले अतिथियों के द्वारा भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि देवेंद्र तिवारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी निरंतर जनता की समस्याओं को सुने एवं उनके समस्याओं को हल करने में अपना योगदान दे, एवं संगठन के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मिलकर क्षेत्र के हित के लिए कार्य करें। हम सबको मिलकर संगठन को मजबूत बनाना है एवं हमारी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास करना है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके कोई भी हमारी सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता एवं कपिल जायसवाल ने संगठन गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला. पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सामंजस्यपूर्ण कार्य हेतु अपना सुझाव दिया, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का बैठक एक महत्वपूर्ण बैठक है, इस तरह की बैठक निरंतर कम से कम माह में एक बार जरूर करेंगे, उक्त बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, मंडल महामंत्री सच्चिदानंद द्विवेदी,मीरा सोनी,पार्षद अहिबरन सिंह,राकेश गुप्ता,रमेश पोया,गणेश यादव, सुनील सिंह,पार्षद राजेश सोनी,पार्षद ज्योति देवांगन,पार्षद रेखा वर्मा,वर्षा साहू, ममता कुशवाहा चंद्रकली राजवाड़े,रितेश सिंह, भंवरलाल कुर्रे,संतलाल साहू,सुधीर वर्मा, संतोष सिंह,राजकुमारी व अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# एसपी रवि कुमार कुर्रे केंद्रीय विद्यालय के छात्रों से हुए रूबरू

## यातायात,साइबर,नशा मुक्ति,जल संरक्षण,वृक्षारोपण,शिक्षा एवं अनुशासन जैसे विषयों पर विद्यार्थी हुए जागरूक





-संवाददाता-
कोरिया,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।
जिले में संचालित जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय बैकुंठपुर पहुंचकर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव पर स्थित है जहां से आप अपने जीवन का मार्ग चुन सकते हैं ऐसे में अत्यंत ही सजग और सचेत रहने की आवश्यकता है, अपना लक्ष्य निर्धारण करें समय प्रबंधन पर ध्यान दें और अनुशासन में रहते हुए कठिन परिश्रम के बल पर अपने मंजिल को प्राप्त करें। समय अत्यंत मूल्यवान है इसे व्यर्थ न जाने दें बीता हुआ समय वापस नहीं आता है केवल पछतावा शेष रहता है।

पुलिस अधीक्षक ने नशा मुक्ति पर व्यापक रूप से जोर देते हुए कहा कि नशा नाश का जड़ है इसे किसी भी रूप में नहीं अपनाना चाहिए और यदि घर में भी कोई इसके शिकार हैं तो उन्हें भी नशा छोड़कर सही मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करें। साथ ही यदि आपकी जानकारी में जिले में कहीं भी अवैध नशीले पदार्थों का विक्रय होता है तो पुलिस को सूचित करें आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साइबर जागरूकता से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए बताए कि वर्तमान समय में व्यापक पैमाने पर लोग साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं जिससे बचने के लिए हर समय जागरूक रहना चाहिए, सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करें जिसे न जाने उनसे वार्तालाप ना करें ना ही उनका फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करें,अपना ओटीपी एवं पासवर्ड किसी से साझा ना करें,अननोन लिंक,फर्जी मेल,प्रलोभन देने वाले विज्ञापन,लॉटरी,कूपन के फेर में ना पड़ें। सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित बातों को गंभीरता से अमल करें खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें। सड़क दुर्घटना अत्यंत ही कष्टदायक है जिस पर रोक लगाने हेतु सुरक्षा नियमों का पालन करें, नाबालिक होने की स्थिति में वाहन चालन ना करें। एसपी श्री कुर्रे ने जल संरक्षण,स्वच्छता,एक पेड़ मां के नाम,पाक्सो,प्लास्टिक का उपयोग और सही नस्टीकरण,स्वास्थ्य,शिक्षा, आत्मविश्वास,परिवार के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण,अनुशासन एवं खेल के महत्व के बारे में अत्यंत ही सरल एवं सहज शब्दों में छात्रों को विस्तार से बताए। नायक महेश मिश्रा द्वारा यातायात नियमों एवं चिन्हों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नाबालिग छात्र-छात्राओं को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, छात्र-छात्राओं व विद्यालयीन स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया, छात्रों को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया।यातायात के अनिवार्य,चेतावनी एवं सूचनात्मक चिन्ह की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट,हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना,तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना,प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने,ज़ेब्रा क्रॉसिंग रेलवे क्रॉसिंग,गुड समेरिटन,लाइसेंस बनवाने के नियम,दुर्घटना के कारण,दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य,सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका,मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुर्माने की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। उक्त संपूर्ण जागरूकता अभियान के दौरान संस्था के प्राचार्य अवनी प्रकाश श्रीवास्तव, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक जग नारायण साहू, आर. गुलशन महानदियां, शिक्षक रवींद्र यादव, दिव्या कुमारी के साथ विद्यालयीन स्टाफ एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से चिरमिरी को मिली बड़ी सौगात,पेयजल संकट होगा समाप्त

## पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की मिली वित्तीय स्वीकृति

-संवाददाता-
एमसीबी/चिरमिरी, 08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



चिरमिरीवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से चिरमिरी क्षेत्र को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से निजात मिलने जा रही है। अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य शासन ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे सैकड़ों परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। पानी की अनियमित आपूर्ति और गंदे पानी की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों को अब नियमित और स्वच्छ जल मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री और शहरी प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना चिरमिरी क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जल्द ही चिरमिरी की धरती पर बहता साफ़ और शुद्ध जल न केवल स्वास्थ्य लाभ देगा बल्कि नागरिकों का जीवन स्तर भी ऊँचा उठाएगा।स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि वर्षों बाद किसी जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से लिया है।

# कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ली कानून व्यवस्था की बैठक

## अधिकारियों को सजगता और सतर्कता से कार्य करने के दिए निर्देश







-संवाददाता-
सूरजपुर,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

जिले में शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें,इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरे जिले में सर्तकता एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने और ऐसे स्थानों पर लोक शांति भंग करने वालों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम,एसडीओपी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग को सघन करें और अपने अधीनस्थ अमले को पूरी तरह से सक्रिय रखें। इसके साथ ही सूचना तंत्र को मजबूत बनाकर किसी भी संभावित समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर तत्काल किया जाए।

वरिष्ट पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था से निपटने के लिए अधिकारीगण सतत कार्रवाई एवं मॉनिटरिंग करते रहें। इसके साथ ही उन्होंने कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु सभी अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने असामाजिक तत्वों और अवांछित गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने तथा ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने अब तक की गई कार्रवाई से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत भी कराया।

## राजस्व से जुड़े प्रकरणों का प्रभावी क्रियान्वयन करें सुनिश्चितः कलेक्टर

### लंबे समय से लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करना करें सुनिश्चित

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की सप्ताहिक बैठक लेकर राजस्व संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा सभी राजस्व अधिकारी मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करें और राजस्व से जुड़े प्रकरणों का प्रभावी क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबे समय से लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि राजस्व के विभिन्न प्रकरणों नामांकन, सीमांकन,बटवारा,नामांतरण, किसान-किताब,आय,जाति, निवास प्रमाण-पत्र जैसे कार्य निरंतर समय पर होते रहे। इसके साथ ही आवेदन के निरस्त होने की स्थिति में इसकी समीक्षा भी करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जगन्नाथ वर्मा,सर्व एसडीएम,तहसीलदार,नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## होटल आदित्य इंपीरियल में ''इण्डस्ट्री और बैंकर्स मीट'' का आयोजन आज

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

रैंप (रेसिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएई परफॉमेंस) योजना के अंतर्गत एमएसएमई उद्यमियों के वित्तीय सहायता हेतु इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का कार्यक्रम होटल आदित्य इंपीरियल, में 09 जुलाई को दोपहर 3.00 बजे से आयोजित की गई है । मीट में बैंक अधिकारियों और उद्यमियों को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभागीय योजना ''प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना और औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के विषय में जानकारी देते हुए उद्यमियों को ऋण सुविधाओं के विषय में भी जानकारी दी जायेगी। साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया,सूरजपुर द्वारा उद्यमियों और बैंकर्स के बीच औद्योगिक एवं सेवा इकाइयों की स्थापना हेतु बैंक से ऋण लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज तथा ऋण लेने में आने वाली परेशानियों के विषय में प्रत्यक्ष संवाद किया जायेगा। जिले के समस्त उद्यमियों से अपील है कि उक्त ''इण्डस्ट्री और बैंकर्स मीट'' में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो के पद हेतु पात्र/अपात्र आवेदकों के अंतिम सूची जारी

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अन्तर्गत सूरजपुर जिले के आकांक्षी विकासखंड प्रतापपुर के लिए कुल 01 एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो के पद को मौजूदा संविदा से आउटसोर्सिंग प्रक्रिया में परिवर्तित करने के प्राप्त निर्देश के आलोक में आउटसोर्सिंग एजेंसी / एन.जी.ओ. को चयन के लिए 30 जून सायं 03.00 बजे तक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय,सूरजपुर में आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों में वांछित बिन्दुओं पर सूक्ष्म जांच उपरांत पात्र/अपात्र आवेदकों के अंतिम सूची जारी कर दी गई है। अंतिम सूची में किसी भी प्रकार के आपत्ति की स्थिति में सूची प्रकाशन के तिथि से 03 कार्य दिवस के भीतर 11 जुलाई सायं 04:00 बजे तक कार्यालय जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, सूरजपुर में दावा-आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकेगा।

# 'मोर गांव,मोर पानी' महाभियान से जिले में जल संरक्षण को मिली नई दिशा

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



जिले में जल संकट से स्थायी निजात दिलाने एवं भू-जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत व्यापक जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के निर्देशन में महाअभियान का शुभारंभ कर इसे प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिला एवं जनपद स्तर पर सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त कर, ब्लॉक रिसोर्स पर्सन का चयन किया गया तथा मैदानी अमलों को ग्राम, जनपद एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस महाअभियान में 64 नालों का सर्वे किया गया, जिसमें 18 मॉडल नालों का चयन कर क्षेत्रवार कार्य योजना बनाई गई है। पार्टिसिपेट्री रूरल अप्रैज़ल पद्धति से ग्रामों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन योजना तैयार कर उसे ग्राम पंचायत विकास योजना में समाहित किया गया एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। मनरेगा के श्रम बजट में समाहित कर रोजगार सृजन करते हुए कार्यों की स्वीकृति सिक्योर पोर्टल के माध्यम से दी गई। इस महाभियान के तहत कंटूर ट्रेंच 55, वृक्षारोपण 34 स्थल, गली प्लग 2520, लूज बोल्डर चेक डेम 855,कूप 12,गैबियन स्ट्रक्चर 43, अंडरग्राउंड डाइक 20,फार्म पोंड 1289, मिट्टी बांध 67,चेक डेम 09 एवं अमृत सरोवर 28 कुल 4932 संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है,जिनका उद्देश्य बरसात में बहकर व्यर्थ जाने वाले जल को संरक्षित कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। कार्ययोजना निर्माण में आधुनिक तद्दुस (जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम) तकनीक का उपयोग करते हुए पहाड़ी से घाटी तक (रिज टू वैली) सिद्धांत पर आधारित संरचनाओं की योजना बनाई गई है जिससे वर्षा जल को संरचित ढंग से रोककर अधिकतम जल संचयन सुनिश्चित किया जा सके,साथ ही जनसहयोग एवं श्रमदान के माध्यम से जल संरक्षण एवं स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों को भी गति दी गई है,जिसमें स्थानीय ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों,शासकीय कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही है। वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई कर जल प्रवाह को सुचारू किया गया जिससे जलभराव एवं जलजनित रोगों की समस्या में कमी आई है। पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए पंचायत भवनों,विद्यालय परिसरों,सड़कों एवं खाली स्थानों पर स्थानीय प्रजातियों जैसे नीम,पीपल, करंज एवं बांस के पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। घरेलू अपशिष्ट जल के समुचित निपटान हेतु परिवारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर जल पुनर्भरण की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है। इन समस्त प्रयासों में जन भागीदारी से जन कल्याण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है, जिससे जिले में न केवल जल संरक्षण को मजबूती मिली है बल्कि स्थानीय समुदाय की आजीविका को भी स्थायित्व मिला है। भू-जल स्तर में वृद्धि एवं मिट्टी कटाव की समस्या पर नियंत्रण जैसे सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगे हैं, जिससे यह महाभियान जिले की जल सुरक्षा के लिए मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में लगाए गये शिविर

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



जिला सूरजपुर में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 17 जून से 06 जुलाई तक शिविर लगाये गये। जिसमें जनपद पंचायत भैयाथान,ओड़गी,प्रतापपुर,प्रेमनगर, सूरजपुर में शिविर आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र कुल 5165 आवेदन प्राप्त हुआ है जो की प्रक्रियाधीन है कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देश के अनुपालन में राजस्व अधिकारियों द्वारा आग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर धरती आबा अन्तर्गत हितग्राहियों को शीघ्र जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध होगा।

## आज की जनदर्शन में 20 आवेदन हुए प्राप्त, कलेक्टर ने गंभीरता से सुनी सभी नागरिकों की समस्याएं

-संवाददाता-
एमसीबी,08 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदक पुष्पराज अहिरवार निवासी लरकोड़ा भूमि हीन मजदूर को सहायता राशि दिलाने के संबंध में, देवकी गौतम निवासी मेडियारास नौकरी प्राप्त करते समय शपथ पत्र की अवहेलना किये जाने के संबंध में,समस्त नागरिकगण निवासी झगराखाण्ड कर्मचारियों को जबरन घर से समान सहित बाहर किये जाने के संबंध में, रमाशंकर मिश्रा नगर पालिका में उप अभियंता लगातार एक ही जगह में पदस्थ रहने के संबंध में एवं दिव्यांग बच्चों पर किये गये अत्याचार के खिलाफ शिकायत के संबंध में,दरियाप सिंह निवासी उजियारपुर आवास पूर्ण होने पर अंतिम राशि प्राप्त करने के संबंध में,अनीता निवासी सोनवर्षा जंगली जानवर के काटने से सहायता राशि न मिलने के संबंध में,प्रदीप केशरवानी निवासी खड़गवां भूमि के संबंध में,हरिकृष्ण कुमार निवासी उजियारपुर सामुदायिक शौचालय की भुगतान करने के संबंध में एवं 28 नग व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की भुगतान करने के संबंध में,धर्मपाल सिंह निवासी भलौर गणित की शिक्षिका दो वर्ष से शासकीय हाई स्कूल में नहीं आ रही है। वैभव सोनी निवासी मनेन्द्रगढ़ भूमि के संबंध में, रोशन साहू लोक निर्माण के टाईम किपर द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किये जाने के संबंध में, कामता सिंह निवासी मुलुकनार भूमि के संबंध में, इन्द्र कुंवर निवासी बालशिव भमि के संबंध में, बाबूलाल निवासी मसौरा नामांतरण रोके जाने के संबंध में, दृगपाल सिंह निवासी चरवाही फर्जी तरीके से निवास जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने के संबंध में,ध्रुव प्रसाद निवासी चिडौला गाली गलौज देने के संबंध में, तुलसीदास निवासी चिडौला भूमि के संबंध में, गीता निवासी भरतपुर भूमि के संबंध में,अपना शिकायत लेकर आये थे। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## ग्राम हर्रई में डायरिया रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान, ग्रामीण रहे सक्रिय

-संवाददाता-
एमसीबी,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।




विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्रई में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में डायरिया जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम करना और लोगों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विभागीय टीम ने ग्रामीणों को साफ-सफाई के महत्व,हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि,स्वच्छ जल के नियमित उपयोग और खुले में शौच से बचने जैसे अहम बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित लोगों को यह समझाया गया कि डायरिया जैसी बीमारियां गंदगी और असुरक्षित जल सेवन से होती है,जिन्हें केवल स्वच्छता और सतर्कता से रोका जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम के पुरुष,महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे और उन्होंने विभाग द्वारा दी जा रही जानकारी को गंभीरता से सुना और समझा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस जानकारी को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। इस पहल से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सकता है, बल्कि पूरे समुदाय में बीमारियों के प्रसार को भी रोका जा सकता है। विभाग द्वारा दी गई यह जानकारी ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई और पूरे कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता उत्साहजनक रही, जिससे स्पष्ट है कि ग्रामीण समाज अब स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता की दिशा में सक्रियता से आगे बढ़ रहा हैं।

## सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर भव्य भंडारे का आयोजन,भक्तों का उमड़ा हुजूम

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



रेणुका नदी के तट पर बसे सूरजपुर शहर के समीप ग्राम पचिरा में स्थित अति प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला, जहां हजारों भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर गुरु पूर्णिमा की महत्ता को आत्मसात किया। मंदिर के महंत श्री बिहारी दास जी ने बताया कि परंपरागत रूप से इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने सभी भक्तों से अपील की कि वे इस पावन अवसर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने अवश्य पधारे। भंडारा मंदिर से जुड़े भक्तों के सहयोग से आयोजित किया जाता है, जिसमें सूरजपुर के प्रमुख समाजसेवी प्रवेश गोयल,नारायण बसंल,राम कृष्ण ओझा,ओंकार पाण्डेय,दुर्गा प्रसाद अग्रवाल,संदीप अग्रवाल, सतीश दुबे,रामाधीन गुप्ता और सौरभ तिवारी (श्री कान्हा डेयरी) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके साथ ही ग्राम कुरूंवा के श्याम नारायण दुबे और मंदिर समिति के सुदर्शन राजवाड़े,श्यामजीत राजवाड़े व बसंत राजवाड़े ने भी इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष के. के. अग्रवाल ने बाहर से पधारे संत-महात्माओं को दान-दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी, जिससे इस आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। मंदिर परिसर में भक्ति भजनों की स्वर लहरियों और प्रसाद वितरण के बीच भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक है,बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग का भी शानदार उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क.202507021700016
/अ-27/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक झपुरन आ0 नाना,जाति कंवर,निवासी ग्राम असोला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम असोला स्थित भूमि खसरा नंबर 543, 544, 545/1, 545/2, 546/1, 546/2, 566/2, 590/1, 590/2, 590/3, 662, 671, 711/1, 731/1, 731/2, 731/3, 731/4, 731/5, 731/6, 911/1, 912/2 कुल खसरा नंबर 21 कुल रकबा 2.263 हे0 भूमि का अनावेदक रामधन आ. दयाराम व अन्य, निवासी ग्राम असोला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के मध्यम खाता विभाजन कराने के संबंध में आवेदन छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा, 178 के तहत् प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/7/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 3/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
**नायब तहसीलदार**
अम्बिकापुर-02

# बुमराह या सिराज लॉर्ड्स में किसका बेहतर है रिकॉर्ड

**लॉर्ड्स,08 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 मैचों की तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले को टीम इंडिया ने अपने नाम करने के साथ सीरीज को रोमांचक बना दिया है। अब इस सीरीज का तीसरा मुकाबला 10 जुलाई से ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा, जहां पर पिछली बार टीम इंडिया ने इंग्लैंड को मात दी थी। इस मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग 11 में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी तय मानी जा रही है। ऐसे में लॉर्ड्स की पिच पर मोहम्मद सिराज और बुमराह दोनों का ही सामना करना इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए आसान




काम नहीं होगा।

### बुमराह और सिराज का लॉर्ड्स के ग्राउंड पर ऐसा है रिकॉर्ड

जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को अब तक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर 1-1 टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला है। इसमें बुमराह का रिकॉर्ड देखा जाए तो उन्होंने 2 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 37.33 के औसत से कुल 3 विकेट हासिल किए हैं। वहीं दूसरी तरफ मोहम्मद सिराज का रिकॉर्ड थोड़ा बेहतर देखने को मिलता है। सिराज ने 2 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 15.75 के औसत से 8 विकेट हासिल किए हैं, इसमें उनका लॉर्ड्स के मैदान पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 32 रन 4 विकेट है। मोहम्मद सिराज मौजूदा सीरीज के पहले मुकाबले में गेंद से कोई खास कमाल नहीं दिखा सके थे, लेकिन एजबेस्टन टेस्ट में उन्होंने अपने फॉर्म में शानदार तरीके से वापसी करने के साथ कुल 7 विकेट हासिल किए।

### आकाश दीप पर भी रहेगी सभी नजरें

बुमराह और सिराज के अलावा लॉर्ड्स टेस्ट मैच में टीम इंडिया के लिए तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में आकाश दीप का खेलना तय है। आकाश का एजबेस्टन टेस्ट में गेंद से काफी बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें वह कुल 10 विकेट लेने में कामयाब रहे थे। ऐसे में लॉर्ड्स में आकाश दीप का प्रदर्शन गेंद से कैसा रहता है इस पर भी सभी की नजरें रहने वाली हैं। अब तक टीम इंडिया ने लॉर्ड्स में कुल 19 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से सिर्फ तीन को जीतने में कामयाबी मिली तो वहीं 12 मैचों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि 4 मैच ड्रॉ रहे हैं।



## सीरीज से पहले ही ये खिलाड़ी हुआ चोटिल

**लाहौर,08 जुलाई 2025।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम जल्द ही टी20 सीरीज खेलने की तैयारी कर रही है। लेकिन इससे पहले कि सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया जाए, टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल टीम के तेज गेंदबाज हारिस राउफ अचानक चोटिल हो गए हैं। वे बांग्लादेश के खिलाफ इसी महीने शुरू होने वाली सीरीज से बाहर हो सकते हैं, लेकिन फिलहाल तो वे एमएलसी यानी मेजर क्रिकेट लीग से बाहर हुए हैं। हारिस राउफ लंबे समय तक के लिए टीम से बाहर हो सकते हैं।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### दिव्यांशी भौमिक बन रही हैं भारत की अगली स्टार



**नईदिल्ली,08 जुलाई 2025।** जहां पूरा देश वैभव सूर्यवंशी के रूप में 14 वर्षीय क्रिकेट प्रतिभा का आनंद ले रहा है, वहीं दूसरी ओर 14 वर्षीय पैडलर दिव्यांशी भौमिक ने दो सप्ताह पहले एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर महाद्वीप में तहलका मचा दिया और भारत के लिए इतिहास रच दिया। पिछले पांच वर्षों में कांदिवली के इस युवा खिलाड़ी ने जूनियर आयु समूहों में 10 यूथ कंटेंडर खिताब जीते हैं और वह भारतीय टेबल टेनिस के लिए सबसे उज्ज्वल संभावनाओं में से एक है।

### एनआरएआई ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय दस्तों का खुलासा किया



**नईदिल्ली,08 जुलाई 2025।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय दस्तों का खुलासा किया है, जिसमें 16 वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन के लिए वरिष्ठ दस्ता भी शामिल है, जो 16-30 अगस्त, 2025 के बीच कजाकिस्तान के श्यामकेंट में निर्धारित है। घोषित अन्य दस्तों में सितंबर (7-15) में चीन के निंगबो में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप राइफल/पिस्टल और 16वीं एएससी के लिए जूनियर भारतीय दस्ता और साथ ही 24 सितंबर-2 अक्टूबर, 2025 के बीच नई दिल्ली में निर्धारित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन के लिए दल शामिल हैं,जैसा कि एनआरएआई की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है। 16वीं एएससी सीनियर टीम में 35 सदस्य हैं, जो 15 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे, जिसमें तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। दो बार ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर एक बार फिर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं- महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में जगह बनाने वाली एकमात्र निशानेबाज हैं।

## टेस्ट सीरीज के लिए स्क्वॉयड का हुआ ऐलान

» मैट फिशर को पहली बार मिली टीम में जगह

» दिग्गज प्लेयर केन विलियमसन नहीं होगा हिस्सा



**मेलबर्न,08 जुलाई 2025।** न्यूजीलैंड की टीम को 30 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, जिसको लेकर स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। कीवी टीम की टेस्ट स्क्वाड में पहली बार तेज गेंदबाज मैट फिशर को जगह मिली है। वहीं दिग्गज खिलाड़ी केन विलियमसन इस सीरीज में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने काउंटी में खेलने के लिए मिडलसेक्स के साथ अनुबंध किया है, इसके अलावा वह आगामी द हंड्रेड के सीजन में लंदन स्पिरिट की टीम से भी खेलेंगे। कीवी टीम को 2 मैचों की इस टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला जहां 30 जुलाई को खेलना है तो वहीं दूसरा मैच 7 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें दोनों ही मैच बुलवायो के मैदान पर खेले जाएंगे।

### विलियमसन के अलावा ये अहम प्लेयर भी नहीं होंगे सीरीज का हिस्सा

जिम्बाब्वे के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में केन विलियमसन के अलावा ऑलराउंडर खिलाड़ी माइकल ब्रेसवेल भी स्क्वाड का हिस्सा नहीं हैं। इन दोनों ही प्लेयर्स को लेकर कीवी टीम के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि केन और माइकल ने नए कॉन्ट्रैक्ट के दौरान इस दौरे के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में पहले ही न्यूजीलैंड क्रिकेट को साफतौर पर बता दिया था। हालांकि सभी टेस्ट मैच अहम होते हैं, लेकिन इस मौके पर चर्चा इस फैक्टर से प्रभावित हुई कि ये टेस्ट सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं हैं। बता दें कि विलियमसन और ब्रेसवेल के अलावा तेज गेंदबाज काइल जैमिसन और बेन सियर्स भी जिम्बाब्वे दौरे के लिए उपलब्ध नहीं थे। जैमिसन ने निजी कारणों के लिए चलते खुद को इस सीरीज से बाहर रखा हुआ है। वहीं सियर्स एमएलसी के दौरान लगी एक साइड इंजरी से उबर रहे हैं, जिसमें उन्हें पूरी तरह से फिट होने में अभी दो से चार सप्ताह का समय और लगेगा।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज के न्यूजीलैंड टीम का स्क्वॉयड

टॉम लेथम (कप्तान), टॉम ब्लंडल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट फिशर, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल ओ रुर्के,एजाज पटेल,ग्लेन फिलिप्स,रचिन रवींद्र,मिचेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, विल यंग।

### मैट फिशर का ऐसा रहा अब तक का करियर

कीवी टेस्ट टीम की स्क्वाड का पहली बार हिस्सा बने तेज गेंदबाज मैट फिशर को लेकर बात की जाए तो उन्होंने 14 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले हैं, जिसमें 24.11 के औसत से 51 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। फिशर साल 2019 में खेले गए आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा भी थे।

## बैट नहीं अब हाथ से कमाल दिखाएंगे पवन हलवाने

### बीसीसीआई की अंपायर परीक्षा को किया टॉप

**नईदिल्ली,08 जुलाई 2025।** महाराष्ट्र के जिला अकोला के एक किसान के बेटे पवन हलवाने ने क्रिकेट में लेवल 2 की अंपायरिंग परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करके अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। ये परीक्षा जून में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अंतर्गत आयोजित की गई थी। पवन ने इस परीक्षा में 150 में से सर्वाधिक 147.5 अंक हासिल किए. पवन अकोला क्रिकेट क्लब के लिए क्रिकेट भी खेलते हैं। वो अकोला के छोटे से गांव सांगवी खुर्द से आते हैं। जो जिला किसानों की लगातार आत्महत्याओं के लिए जाना जाता है,और प्रकृति की मार के कारण अक्सर किसानों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। वहीं से अकोला के खिलाड़ी ने बेहद कठिन परिस्थितियों में अंपायर परीक्षा को टॉप करके अपने परिवार को खुशी का मौका दिया है। विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के पवन हलवाने ने उन 26 उम्मीदवारों की सूची में सबसे आगे हैं। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि परीक्षा पास करने वाले सभी लोगों को बीसीसीआई अंपायर पैनल में शामिल किया जाएगा। यह दूसरा मौका है जब विदर्भ के किसी व्यक्ति ने अंपायर की परीक्षा में टॉप किया है।



## बाबर आजम, रिजवान और शाहीन अफरीदी की नहीं हुई वापसी

### सलमान अली आगा को मिली टीम की कमान

**लाहौर,08 जुलाई 2025।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम एक बार फिर से नई सीरीज खेलने के लिए तैयार है। इसी महीने पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश के दौरे पर जाने वाली है, जहां तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी। सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम का ऐलान कर दिया गया है। खास बात ये है कि इस बार भी बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को टीम में जगह नहीं मिली है। कप्तानी की जिम्मेदारी सलमान अली आगा के पास रहेगी।

### बाबर, शाहीन और रिजवान का टी 20 करियर अधर में लटका

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच 20 से 24 जुलाई तक तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। पाकिस्तान ने इसके लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें 15 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पूर्व कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी टीम का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि क्या पीसीबी ने इन तीनों की टी20 से पूरी तरह छुट्टी कर दी है या फिर इनकी वापसी की कोई संभावना निकट भविष्य में हो सकती हैं।



### फहीम अशरफ और फखर जमां की वापसी,अहमद दानियाल नए खिलाड़ी

इस बीच फहीम अशरफ और फखर जमां की एक बार फिर से टीम में वापसी हो गई है। ये दोनों खिलाड़ी अगर प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होते हैं तो लंबे समय बाद पाकिस्तान के लिए टी20 इंटरनेशनल मैच खेलते हुए दिखाई देंगे। नए खिलाड़ी के रूप में अहमद दानियाल को टीम में लिया गया है, जिन्होंने इसी साल खेले गए पाकिस्तान प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया था, इसी की बदौलत अब उन्हें इंटरनेशन मैच खेलने के लिए टीम में शामिल किया गया है। हारिस राउफ एमएलसी में चोटिल हो गए हैं, इसलिए वे टीम में अपनी जगह नहीं बना पाए हैं। मोहम्मद नवाज ऑलराउंडर के तौर पर टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। वे भी करीब डेढ़ साल बाद पाकिस्तान के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

**पाकिस्तान की टीम:-** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर जमान, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम

### बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान सीरीज का शेड्यूल

**20 जुलाई: पहला टी20आई एसबीएनसीएस, मीरपुर**
**22 जुलाई: दूसरा टी20आई, एसबीएनसीएस, मीरपुर**
**24 जुलाई: तीसरा टी20आई, एसबीएनसीएस, मीरपुर**

## नोवाक जोकोविच ने डि मिनोर को दी मात

### क्वार्टर फाइनल में पक्की की अपनी जगह

**विबंलडन,08 जुलाई 2025।** विबंलडन 2025 में सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एकबार से इस खिताब को जीतने की तरफ से तेजी से अपने कदम बढ़ा रहे हैं। 7 जुलाई को पुरुष सिंगल्स के इवेंट में नोवाक जोकोविच का प्री-क्वार्टर फाइनल में सामना 11वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनोर से हुआ, जिसमें चार सेट तक चले इस मैच को जोकोविच ने 3-1 से अपने नाम किया और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह को पक्का करने में कामयाब रहे।



### पहला सेट गंवाने के बाद की शानदार वापसी

मौजूदा वर्ल्ड नंबर-6 टेनिस खिलाड़ी 38 साल के नोवाक जोकोविच के लिए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले की शुरुआत उम्मीद के अनुसार नहीं थी, जिसमें उन्हें एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ पहला सेट 1-6 से गंवाना पड़ा। ऐसे में उनके ऊपर टूर्नामेंट से बाहर होने का भी खतरा मंडराने लगा था। जोकोविच ने यहां से मैच में वापसी करने के साथ अगला सेट 6-4 से अपने नाम किया और मुकाबला 1-1 से बराबरी पर लेकर आ गए। अगले 2 सेट में जोकोविच ने मिनोर को किसी भी तरह से वापसी का कोई भी मौका नहीं दिया और उसे भी 6-4, 6-4 से अपने नाम करने साथ इस मैच को जीता और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। जोकोविच अपने टेनिस करियर में 16वीं बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हो पाए है तो वहीं ये उनके करियर का 63वां क्वार्टर फाइनल मैच भी होगा।




## विजय देवरकोंडा स्टारर किंगडम की मिली नई रिलीज डेट से उठा पर्दा

राउडी स्टार विजय देवरकोंडा की आगामी हाई ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर किंगडम, गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित है। फिल्म की रिलीज की तारीख कई मौकों पर विभिन्न कारणों से स्थगित हो गई और आज निर्माताओं ने एक नया प्रोमो जारी किया और नई रिलीज की तारीख की घोषणा की।वे संदेश लेकर आए एक आदमी। क्रोध से भरा दिल। एक ऐसी दुनिया जिसने बहुत आगे धकेल दिया। अब नरसंहार का समय है। यह फिल्म 31 जुलाई 2025 को प्रतिष्ठित तरीके से रिलीज़ होगी।वीडियो में, विजय देवरकोंडा ने कई खूबियाँ दिखाईं और कई रंगों में दिखाई दिए, जिसमें सभी ने तीव्र एक्शन दृश्यों के साथ रोमांचकारी अभिनय किया। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है।विजय देवरकोंडा, भाग्यश्री बोरसे के साथ सीतारा एंटरटेनमेंट और फॉर्च्यून फोर सिनेमा के बैनर तले नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित फिल्म में शानदार तरीके से रोमांस कर रहे हैं।विजय देवरकोंडा इस फिल्म से अपनी सारी उम्मीदें लगा रहे हैं क्योंकि उनकी पिछली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में नाकाम रही थीं।

## सैयारा ट्रेलर की ईमानदार समीक्षा

सैयारा 8 जुलाई को फिल्म को ट्रेलर लॉन्च की। नए कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत यह फिल्म काफी आशाजनक लग रही है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नवोदित कलाकारों की स्क्रीन पर मौजूदगी उल्लेखनीय है, और अभिनेता में निश्चित रूप से पांडे की अभिनय प्रतिभा है। कथानक आशिकी 2 जैसा लग सकता है, लेकिन ट्रेलर और गानों ने हमें प्रभावित किया है और आपको फिल्म देखने के लिए मजबूर कर देगा। अहान पांडे एक गायक, कृष कपूर की भूमिका निभा रहे हैं। वह आक्रामक है, वह स्मार्ट है, वह अच्छा दिखता है, और वह जो करता है उसमें सबसे अच्छा है। अनीत पड्डा, एक मासूम लड़की जो गाने लिखती है, उसके भविष्य के एल्बम के लिए सहयोग करने के लिए उससे मिलती है। यह उसकी सादगी है जो आपको जीत लेगी और उसका आकर्षण आपको उससे प्यार करने पर मजबूर कर देगा। अहान और अनीत की केमिस्ट्री ताज़ी हवा के झोंके की तरह है जिसकी हमें ज़रूरत थी। चाहे वो उनके किसिंग सीन हों या फिर उनके ड्रामेटिक और इमोशनल सीन, ये दोनों यह साफ कर रहे हैं कि वे यहां चमकने के लिए आए हैं। अहान पांडे में पांडे परिवार के अभिनय के गुण दिखाई दे रहे हैं और हमें यकीन है कि प्रशंसक यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि यह नया लड़का उनके लिए क्या लेकर आया है। बैकग्राउंड स्कोर और गाने आपको एक जादुई दुनिया में ले जाएंगे और हमें लगता है कि यह सबसे बड़ी हाइलाइट्स में से एक है। अनीत की गर्ल-नेक्स्ट-डोर इमेज निश्चित रूप से उन्हें अगला नेशनल क्रश बनाने जा रही है। बिजली जैसी केमिस्ट्री आपको सैयारा की दुनिया में गोता लगाने के लिए मजबूर कर देगी। स्टोरीलाइन आशिकी 2 से मिलती-जुलती लग रही है और हमें उम्मीद है कि इस कहानी में कुछ नया होगा। सैयारा प्रशंसित निर्देशक मोहित सूरी और यश राज फिल्म्स के बीच पहला सहयोग है। यह 18 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्देशक ने यह भी बताया कि यह विचार पहले आशिकी 3 के लिए था, लेकिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं और सैयारा बन गई।






## शॉर्ट्स और ब्रालेट पहनकर समंदर में आग लगाने निकलीं श्वेता तिवारी

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी इन दिनों अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज को लेकर जबरदस्त चर्चा में हैं। हाल ही में मॉरीशस वेकेशन से लौटीं श्वेता अब लगातार सोशल मीडिया पर अपनी समंदर किनारे की शानदार तस्वीरें शेयर कर रही हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, वो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहीं हैं,टीवी की दुनिया की सुपरस्टार और लोगों के दिलों पर दशकों से राज कर रहीं श्वेता तिवारी इन दिनों अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज को लेकर जबरदस्त चर्चा में हैं। हाल ही में मॉरीशस वेकेशन से लौटीं श्वेता अब लगातार सोशल मीडिया पर अपनी समंदर किनारे की शानदार तस्वीरें शेयर कर रही हैं, जिन्हें देखकर फैंस की धड़कनें तेज हो गई हैं। हाल ही में श्वेता ने बीच पर ब्रालेट और डेनिम शॉर्ट्स में फोटोशूट कराया। उनकी फिटनेस, ग्लोइंग स्किन और बेफिक्र मस्ती को देखकर कोई यकीन नहीं कर सकता कि वो 44 साल की हैं। फैंस यहां तक कह रहे हैं, कि श्वेता अपनी बेटी पलक तिवारी को भी स्टाइल में पीछे छोड़ रही हैं.इस ट्रिप के दौरान श्वेता के कई लुक्स वायरल हुए हैं,कभी कलरफुल बिकिनी में तो कभी स्कर्ट-टॉप में, लेकिन उनका ब्रालेट और हाई-वेस्ट डेनिम शॉर्ट्स वाला लुक तो फैंस को खूब पसंद आ रहा है। इस लुक में उनका टोन्ड फिगर, फ्लॉन्टेड लेग्स और हैप्पी वाइब्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है। इस स्टाइलिश अवतार में श्वेता ने मिनिमल मेकअप के साथ काला चश्मा,गोल्डन ईयररिंग्स और काले धागे वाला ब्रैसलेट पहना है, वहीं लाइट जूलरी और खुले लहराते बालों ने उनके लुक को और भी शानदार बना दिया है।

# मैनपाट के मुरीद हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज

## सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा पानी को उल्टी दिशा में बहता पहली बार देखा...पर्यटक यहां जरूर आएं...



**रायपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में सांसदों-विधायकों को प्रशिक्षण देने छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह मैनपाट के मुरीद हुए । उन्होंने यहां उल्टा पानी स्थल का भ्रमण किया। उल्टा पानी में नाव बहाने के साथ उन्होंने इस स्थल के अजूबे को स्वयं अनुभव किया. शिवराज चौहान ने सोशल मीडिया पर मैनपाट का वीडियो शेयर कर लिखा है- छत्तीसगढ़ सचमुच अद्वितीय है।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने आगे लिखा है कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य से ही नहीं, बल्कि प्रकृति के अद्भुत चमत्कारों से भी समृद्ध है। 'उल्टा पानी' के रूप में ऐसा ही एक चमत्कार हमें मैनपाट में देखने को मिला। यहां पानी ऊपर से नीचे नहीं,बल्कि नीचे से ऊपर बहता दिखाई देता है। हमने वहां एक कागज की नाव भी बहाकर देखी तो वो भी नीचे से ऊपर की ओर ही चलने लगी. गाड़ी को न्यूट्रल गियर में छोड़ दिया तो वो भी खुद-ब-खुद ऊपर की ओर सरक गई।

शिवराज चौहान ने कहा,यह मेरे जीवन का पहला अनुभव था,जब पानी को इस तरह उल्टी दिशा में बहते देखा. इस दृश्य को देखकर मैं चकित रह गया। अब इसके पीछे वैज्ञानिक कारण जो भी हो,लेकिन यह रहस्य सचमुच रोमांचक है। पर्यटकों से अनुरोध है कि एक बार यहां जरूर आएं और ये चमत्कार देखें।

### छत्तीसगढ़ सरकार हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही

उल्टा पानी का अनुभव महसूस करने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अद्भुत है अपना छत्तीसगढ़. छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है, लेकिन प्रकृति का चमत्कार भी यहां दिख रहा है। पानी नीचे से ऊपर बह रहा है। इसके साइंटिफिक रीजन क्या है, यह देखना पड़ेगा,लेकिन यह अद्भुत है। पर्यटक यहां आने लगे हैं, छत्तीसगढ़ सरकार इस स्थल को विकसित कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार हर क्षेत्र में बहुत बेहतर काम कर रही है, टूरिज्म क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने का निरंतर प्रयास जारी है।

### छत्तीसगढ़ में चलाएंगे लखपति दीदी अभियान



उल्टा पानी भ्रमण के दौरान शिवराज सिंह ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से भी मुलाकात की। इस पर उन्होंने कहा कि महिलाएं मेहनत कर आजीविका चला रही है. हम लखपति दीदी बना रहे हैं। अभी अभियान चल रहा है। किसी के आंखों में आंसू ना हो, किसी को हाथ फैलाना ना पड़े, छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना तो चल रही है, लखपति दीदी अभियान भी चलाएंगे।

### छत्तीसगढ़ के पात्र गरीबों को मिलेंगे मकान

केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से चर्चा में मोर आवास, मोर अधिकार को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने चुनाव का वादा पूरा करते हुए मोर आवास मोर अधिकार 2018 की सूची में शामिल सबको मकान दे दिया है। आने वाले समय में सर्वे कर और पात्र निकलेंगे। छत्तीसगढ़ के गरीब भाई-बहनों को और मकान दिए जाएंगे।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### मंदिर की संपत्ति का मालिक पुजारी नहीं,हाईकोर्ट ने उन्हें बताया प्रतिनिधि



**बिलासपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मंदिर की संपत्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि पुजारी को मंदिर की संपत्ति का मालिक नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि पुजारी केवल देवता की पूजा करने और मंदिर का सीमित प्रबंधन करने के लिए नियुक्त एक प्रतिनिधि होता है,न कि स्वामी।

### मंत्री के लिए खर्चा पानी की जुगाड़ करते है अधिकारियों पर लगा गंभीर आरोप




**खैरागढ़,08 जुलाई 2025(ए)।** जिले में संचालित श्रम विभाग की योजनाओं में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। सीएससी सेंटर (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालक विनोद सिंह राजपूत ने श्रम निरीक्षक पर योजनाओं में लाभ दिलाने के एवज में रिश्वत मांगने और अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उन्होंने खैरागढ़ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कुएं में करंट फैलने से पिता-पुत्र की मौत



**बिलासपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** जिले के सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊनी गांव में एक दुखद हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। कुएं में मरे मेढ़क को निकालने गए पिता और पुत्र की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि मृतक पिता और पुत्र अपने घर के समीप स्थित कुएं में सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान कुएं में लगा समर्सिबल पंप का खुला तार पानी में छू गया, जिससे पानी में करंट फैल गया। दोनों करंट की चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी जान चली गई।

### बीएड छात्रा की स्कूल बस से कुचलकर मौत




**राजनांदगांव,08 जुलाई 2025(ए)।** शहर के बाहर आरके नगर चौराहे में मंगलवार सुबह एक स्कूली बस के चपेटे में आने से 28 साल की एक युवती की मौत हो गई। बस के नीचे आने से जख्मी युवती ने उपचार के ले जाने के दौरान अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। पुलिस ने स्कूली वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रदेश भर में लाखों राशन कार्डधारी नदारद

## फर्जी राशनकार्ड पर हर महीने राशन का हो रहा आबंटन,सत्यापन के बाद हटाए जायेंगे नाम




**रायपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश भर में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बीपीएल कार्डधारियों को मुफ्त में राशन दिया जाता है। इस मुफ्त के राशन के चक्कर में बड़ी संख्या में फर्जी तरीके से दुकानदारों और आम लोगों द्वारा राशन कार्ड बनवा लिए जाने के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। इस व्यवस्था में बड़ी खामी उजागर हुई है। प्रदेश भर में 3 लाख 27 हजार 945 राशनकार्डधारियों का कोई पता नहीं चल रहा है। यही वजह है कि अब विभाग ने सत्यापन कराने की प्रक्रिया शुरू की है। बिलासपुर जिले के 21 हजार 992 कार्डधारियों का महीनों से कोई पता नहीं चल रहा है। वे ऐसे कार्डधारी हैं जिन्होंने 6 से 18 महीनों तक एक बार भी सरकारी राशन नहीं उठाया है, जबकि इनके नाम पर राशन का आबंटन विभाग से होता रहा है। खाद्य विभाग ने अब इन कार्डधारियों को अंतिम मौका देते हुए उनसे सत्यापन कराने की अपील की है। समय रहते यदि कार्डधारी दुकान जाकर अपना सत्यापन नहीं कराते हैं तो उन्हें राशन कार्ड से हाथ धोना पड़ सकता है सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बिलासपुर जिले में लगभग 6 लाख राशन कार्डधारी हैं, जिनके माध्यम से करीब 17 लाख सदस्य हर महीने सरकारी राशन का लाभ उठा रहे हैं। लेकिन हाल ही में हुई जांच में यह सामने आया कि जिले में बड़ी संख्या में लोग पिछले 6 साल से डेढ़ साल के दरमियान बिना किसी सूचना के राशन नहीं ले रहे हैं। विभाग का मानना है कि इन निष्क्रियता के पीछे डुप्लीकेट आधार,उम्रदराज सदस्यों का निधन, उनके घर में 18 वर्ष से ऊपर कोई बालिग सदस्य न होना या आधार अपडेट न होना, जैसे कारण हो सकते हैं।

प्रदेश भर में ऐसे 3 लाख राशनकार्डधारी हैं, जिनका कुछ भी पता नहीं है। खाद्य विभाग ऐसे लोगों का पता लगा कर ऐसे कार्डधारियों की सूची संबंधित पीडीएस दुकानदारों को सौंप रहा है और निर्देश दिया है कि वे लाभार्थियों से संपर्क कर जल्द से जल्द उनका स्थानीय सत्यापन कराएं।



## मैनपाट में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर जारी

### दूसरे दिन योग से हुई शुरुआत

**रायपुर,08 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट में आयोजित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन आज चल रहा है। इस शिविर का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने किया था। दूसरे दिन की शुरुआत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योग अभ्यास के साथ हुई, जिसमें विधायकों और सांसदों ने भी भाग लिया। सुबह से ही शिविर का वातावरण अनुशासन और ऊर्जा से भरा रहा।

### आज चार सत्रों में होगा प्रशिक्षण

शिविर का कार्यक्रम आज सुबह 9:30 बजे से आरंभ हुआ। आज भी शिविर में चार अलग-अलग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष नेतृत्व करेंगे और कार्यकर्ताओं को पार्टी की रणनीति, विचारधारा और संगठनात्मक कार्यशैली पर प्रशिक्षण देंगे।

### पहले दिन दिखा भारी उत्साह

प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन 10 सांसद, 10 मंत्री और 52 विधायक शामिल हुए थे। उन्हें पार्टी की कार्यप्रणाली, नीतियों और संगठन की दिशा को लेकर गहन जानकारी दी गई थी। शिविर का उद्देश्य पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को राजनीतिक दृष्टिकोण से सशक्त और संगठनात्मक रूप से दक्ष बनाना है।




## अधिकारी अप्राकृतिक सेक्स मामले में गिरफ्तार

**दुर्ग,08 जुलाई 2025(ए)।** जिले में बाल संप्रेषण गृह के अधिकारी ने नाबालिग अपचारी बालक का रेप किया। आरोपी परिवीक्षा अधिकारी रामकुमार सूर्यवंशी ने नाबालिग को उसके भाई से मिलाने के बहाने उससे अननेचुरल संबंध बनाए। नाबालिग मर्डर केस में संप्रेषण गृह में बंद है। मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक न्यायालय की परीक्षण टीम नियमित रूप से बाल संप्रेषण गृह की व्यवस्थाओं का जायजा लेने जाती है। 3 पहले भी टीम बाल संप्रेषण गृह जांच के लिए गई थी। इस दौरान पीड़ित नाबालिग ने टीम के सदस्यों को अपनी आपबीती बताई। नाबालिग ने बयान में बताया कि बाल संप्रेषण गृह के अधिकारी रामकुमार सूर्यवंशी ने उससे उसके भाई से मिलवाने की बात कही थी। इसी के बहाने आरोपी अधिकारी ने उससे अप्राकृतिक संबंध बनाए। परीक्षण टीम ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। दुर्ग पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।



## मजदूरों के लिए नई योजनाओं की घोषणा

**रायपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा के अध्यक्षीय कार्यकाल के संचालक मंडल की बैठक में संपन्न हुई, जिसमें मजदूर हितों के अनेक क्रांतिकारी फैसले लिए गए तथा नई योजनाओं के क्रियान्वयन की भी घोषणा की गई। मंडल की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के क्रियाकलापों एवं प्रशासनिक कार्यों के संपादन पर हुए आय-व्यय का अनुमोदन लिया गया तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मंडल की बैठक में मजदूर हितों के लिए राज्य शासन से अनुमोदित अनुमानित आय-व्यय का अनुमोदन भी प्राप्त किया गया।

मंडल की बैठक में मंडल द्वारा संचालित श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए 12 नए पदों का सृजन कर शासन से अनुमति मांगी गई। इसी प्रकार कर्मचारियों के वेतन में भी वृद्धि का निर्णय लिया गया। इसी तहर मंडल को प्राप्त होने वाली आय के अभिदाय दर में वृद्धि का भी प्रस्ताव परित किया गया। मंडल द्वारा मंडल में पंजीकृत मजदूर परिवार के बच्चों को रियायती दर पर कॉपी वितरण की नई योजना प्रारंभ करने की भी घोषणा की गई। साथ ही साथ निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत श्रमिक के परिजनों को कोचिंग देकर उन्हें शासकीय नौकरियों के लिए प्रशिक्षित करने का भी निर्णय लिया गया। मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने मंडल की आय बढ़ाने तथा श्रमिकों का पंजीयन बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी फैसले की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि जिस तरह से असंगठित क्षेत्र के बोर्ड में श्रमिकों का पंजीयन खुला हुआ है।



## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस को अछूत पार्टी बताया

**रायपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कल यानि 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार के साथ-साथ प्रदेश की साय सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। वहीं, सभा को संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने दावा किया कि साल 2028 के विधानसभा चुनाव में हम भाजपा को उखाड़ फेंकेंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज के इस बयान पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने करारा पलटवार किया है। पीसीसी चीफ दीपक बैज के दावे पर पलटवार करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि 10 साल में तो एक बाल उखाड़ नहीं पाए तो आगे क्या कर पाएंगे। वहीं, उन्होंने कांग्रेस पार्टी को 'अछूत' बताया है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस दूसरी पार्टियों के लिए अछूत बन गई है। कांग्रेस के साथ कुछ पार्टी आती है फिर छोड़ देती है।

## रविशंकर महाराज के कृपा पात्र नेक के डायरेक्टर डीपी सिंह पर सीबीआई सख्त

**रायपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस छत्तीसगढ़ के घूसकांड की



सीबीआई एफआईआर में आरोपी नंबर 4, 6 और 25 के बीच काफी घनिष्ठ संबंध रहे हैं। आरोपी नंबर 4 यानी रावतपुरा सरकार उर्फ रविशंकर महाराज,आरोपी नंबर 6 डीपी यानी धीरेंद्र पाल सिंह (चांसलर टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज) और आरोपी नंबर 25 इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया हैं। रावतपुरा सरकार के आशीर्वाद से ही डीपी और भदौरिया दोनों ने खूब बरकत पाई। डीपी सिंह का कुछ दिन बाद नैक (नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल) के डायरेक्टर बनने का आदेश आ गया। डायरेक्टर बनते ही सिंह ने रावतपुरा इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट को सबसे पहले ए ग्रेड दे दी। नैक के बाद सिंह को यूजीसी चेयरमैन का जिम्मा मिल गया और इसके बाद उन्होंने मान्यता देने का बड़ा खेल शुरू किया।

## जंगल में मस्ती करते हाथियों का वीडियो वायरल

**रायगढ़,08 जुलाई 2025(ए)।** जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के जंगलों से एक और दिलचस्प वीडियो सामने आया है, जिसमें हाथियों का दल बारिश के बाद जमीन पर आराम करता नजर आ रहा है। खास बात यह रही कि एक नन्हा हाथी बड़े हाथी के पेट पर चढ़ने की कोशिश करता दिखा, लेकिन असफल रहने पर वह जमीन पर लोट-लोटकर मस्ती करने लगा। यह मनमोहक दृश्य कैमरे में कैद हो गया।यह वीडियो छाल वन परिक्षेत्र के हाटी बीट का है, जहां हाथी मित्र दल ने ड्रोन कैमरे से हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी के दौरान यह दृश्य देखा। वीडियो में देखा गया कि हाथी दल में कई छोटे शावक मौजूद थे और पीछे से दो बड़े हाथी भी आ पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, हाटी बीट क्षेत्र में इस समय 7 हाथियों का दल घूम रहा है। धरमजयगढ़ वन मंडल में सालभर हाथियों की मौजूदगी बनी रहती है, इसलिए यहां विशेष निगरानी की



व्यवस्था की गई है। हाथियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में तीन ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं– जिनमें से एक सामान्य और दो थर्मल कैमरे हैं, जो रात में भी निगरानी करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, क्षेत्र में कुल 7 हाथी मित्र दल तैनात हैं, जिनमें 3 छाल रेंज और 4 धरमजयगढ़ रेंज में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। वन विभाग लगातार इन हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है ताकि इंसान और हाथी के बीच टकराव से बचा जा सके।



## केवल रिश्वत की बरामदगी से दोष सिद्ध नहीं

**बिलासपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रिश्वत और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि,रिश्वत की रकम की बरामदगी किसी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है, जब तक यह साबित न हो जाए कि आरोपी ने पैसे स्वेच्छा से घूस के तौर पर स्वीकार किए थे। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की एकलपीठ में हुई। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण), रायपुर की अदालत ने 2017 में लवन सिंह को दो साल की सजा सुनाई थी, जिसे अब हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

## पुलिस ने युवा कांग्रेस के नेता को किया गिरफ्तार

**रायपुर,08 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ की ठगी करने वाले पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी केके श्रीवास्तव को 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है। अब इस मामले में रायपुर पुलिस ने दूसरी बड़ी गिरफ्तारी की है। तेलीबांधा पुलिस ने केके श्रीवास्तव को भगाने में मदद



करने वाले युवा कांग्रेसी नेता आशीष शिंदे को गिरफ्तार किया है। कांग्रेस युवा नेता से तेलीबांधा थाने में पूछताछ की जा रही है। पूछताछ खतम होने के बाद रायपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी रहे केके श्रीवास्तव को पुलिस ने रिमांड खत्म होने पर 7 जुलाई को अदालत में पेश कर 14 दिनों की न्यायिक रिमांड में भेजा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)